(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

टमाटर को इन तरीकों से करें स्टोर...8




लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

बुधवार, 20 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 121 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## संक्रमण के मामलों में वृद्धि का मतलब चौथी लहर? जानिए आपको कितना रहना होगा सतर्क


नयी दिल्ली। वैज्ञानिकों ने कहा है कि दिल्ली और इसके आसपास के शहरों में कोविड–19 के मामलों में वृद्धि के बीच अस्पतालों में भर्ती होने संबंधी व्यवस्था पर ध्यान दिया जाना चाहिए जो पहले जैसी ही है या फिर इसमें मामूली बदलाव हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि संक्रमण के मामलों में वृद्धि अभी देश में महामारी की चौथी लहर का संकेत नहीं है। विशेषज्ञों ने कहा कि राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में संक्रमण के मामलों में वृद्धि का कारण कोविड रोधी प्रतिबंध हटाए जाने, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि तथा स्कूलों के फिर से खुलने जैसी चीजें हो सकती हैं। चिकित्सक एवं महामारी विज्ञानी चंद्रकांत लहरिया ने पीटीआई–से कहा, ''कोविड–19 रोधी सभी प्रतिबंधों को हटाए हुए दो सप्ताह से अधिक समय हो गया है। यह छुट्टी का समय है और लोग आपस में घुल–मिल रहे हैं। यह सामाजिक गतिशीलता और आर्थिक गतिविधियों में भी परिलक्षित होता है जो महामारी से पहले के समय से अधिक हैं।'' उन्होंने कहा, केवल मामलों की गिनती का कोई मतलब नहीं है ... हालांकि दिल्ली में मामले बढ़ रहे हैं, अस्पताल में भर्ती होने संबंधी व्यवस्था अपरिवर्तित है या मामूली रूप से बदली है। लहरिया ने कहा कि महामारी विज्ञान और वैज्ञानिक साक्ष्यों को देखते हुए दिल्ली में मामलों में मौजूदा वृद्धि चौथी लहर की शुरुआत नहीं है। उन्होंने कहा, सार्स कोव–2 लंबे समय तक हमारे साथ रहने वाला है और इसलिएऐसा कोई समय नहीं आने वाला है जब नए मामले शून्य होंगे। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में संक्रमण दर सोमवार को 501 नए मामलों के साथ बढ़कर 7.72 प्रतिशत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि पिछली बार शहर में संक्रमण दर सात प्रतिशत से अधिक 29 जनवरी (7.4 प्रतिशत) और 28 जनवरी (8.6 प्रतिशत) को थी। यह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मंगलवार को दर्ज की गई भारत की समग्र संक्रमण दर 0.31



प्रतिशत के ठीक विपरीत हैजब कोरोना वायरस संक्रमण के 1,247नए मामले सामने आए। अमेरिका की संक्रामक रोग विशेषज्ञ अमिता गुप्ता ने कहा कि दिल्ली और कुछ अन्य राज्यों में मामलों में वृद्धि प्रतिबंधों में ढील, महामारी रोधी नियमों का पालन करते–करते हुई ऊब तथा वायरस की उच्च संचरण क्षमता का परिणाम हो सकती है। जॉन्स हॉपकिन्स स्कूल ऑफ मेडिसिन में संक्रामक रोग विभाग की प्रमुख और मेडिसिन की प्रोफेसर गुप्ता ने पीटीआई–से कहा, ''हमारा अनुमान है कि इससे अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता वाले गंभीर मामलों में बड़ी वृद्धि नहीं होगी।'' उन्होंने कहा, इससे वास्तव में मदद मिली है कि भारत ने अपनी आबादी का टीकाकरण करने में एक अविश्वसनीय काम किया है और अब इसे जारी रखना तथा योग्य लोगों को बूस्टर खुराक देना महत्वपूर्ण है। महामारी की शुरुआत से ही भारत में कोविड–19 के मामलों में उतार–चढ़ाव पर नजर रख रहे मनिंद्र अग्रवालने इस बात से सहमति व्यक्त की। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के प्रोफेसर अग्रवाल ने पीटीआई–से कहा, "सामाजिक गतिशीलता में वृद्धि, एहतियात बरतने में कमी और मास्क पहनने की अनिवार्यता को खत्म करना कोविड के मामलों में वृद्धि के संभावित कारण हैं।" अग्रवाल ने कहा, "अभी चौथी लहर का भी कोई संकेत नहीं है। इसके लिए कोई नया उत्परिवर्तित स्वरूप चाहिए।" महामारी विज्ञानी रामनन लक्ष्मीनारायण ने कहा कि जैसा कि परीक्षण दर में गिरावट आई है, इसलिए यह ज्ञात नहीं है कि बताए जा रहे मामले स्थिति का सही संकेत हैं या नहीं। वाशिंगटन और नयी दिल्ली में सेंटर फॉर डिजीज डायनेमिक्स, इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी के निदेशक लक्ष्मीनारायण ने कहा, "परीक्षण दर कम हो गई है और हम संभावित रूप से मामलों का पता करने से चूक रहे हैंलेकिन जहां हम महामारी की स्थिति में हैं, वहां मामलों की संख्या के बजाय मैं अस्पताल में भर्ती होने संबंधी व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करूंगा।" लहरिया ने कहा कि दुनिया में अभी भी महामारी खत्म नहीं हुई है और यह अनुमान लगाना कठिन है कि नए स्वरूप कब सामने आएंगे तथा उनकी संक्रामकता इत्यादि कैसी होगी। उन्होंने कहा, हमें देश में मौजूदा निगरानी नेटवर्क के माध्यम से कोविड के मामलों का जल्द पता लगाने के लिए कड़ी निगरानी जारी रखनी चाहिए और मामले बढ़ने पर मास्क पहनने, भौतिक दूरी के नियम को फिर से शुरू करने के लिए सिफारिश करने के वास्ते तैयार रहना चाहिए।

### सीसीटीवी कैमरे लगवाने के आदेश का क्यों विरोध कर रहे हैं कश्मीर के दुकानदार?

जम्मू। कश्मीर घाटी को आतंकवाद से पूरी तरह मुक्त कराने



के लिए तमाम तरह के सफल प्रयास चलते रहते हैं। इसी कड़ी में स्थानीय प्रशासन ने निर्देश दिया है कि खासतौर पर श्रीनगर शहर में सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान अपनी दुकानों और परिसरों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगायें ताकि आतंकवादी या आपराधिक घटनाओं पर रोक लगायी जा सके और राष्ट्र विरोधी तत्वों पर नजर रखी जा सके। इस संबंध में श्रीनगर जिला प्रशासन की ओर से एक सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है जोकि श्रीनगर शहर के व्यापारियों और दुकानदारों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। हम आपको बता दें कि यह आदेश ऐसे समय आया है जब देश–विरोधी और विध्वंसक तत्वों द्वारा जम्मू–कश्मीर में निर्दोष नागरिकों पर हमले की घटनाएं हाल में बढ़ी हैं। इस आदेश में कहा गया है कि लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तकनीक के उपयोग की आवश्यकता है इसलिए सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने चाहिएं। इस आदेश को लेकर व्यापारियों और दुकानदारों की एक बैठक भी हुई जिसमें मांग की गयी कि सीसीटीवी कैमरे लगवाने की पहल प्रशासन की ओर से की जाये क्योंकि बड़े दुकानदार तो सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम हैं लेकिन छोटे दुकानदारों के लिए कैमरे लगवा पाना मुश्किल है। प्रभासाक्षी संवाददाता ने जब इन लोगों से बात की तो सभी ने यही कहा कि महामारी के कारण आई मंदी के चलते हालात ऐसे नहीं हैं कि अपने खर्चे पर सीसीटीवी कैमरे लगवा सकें।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला, यूपी में बिना अनुमति नहीं निकाल पाएंगे धार्मिक जुलूस या शोभायात्रा

लखनऊ। हाल में ही देखें तो रामनवमी और हनुमान जयंती के अवसर पर देश के विभिन्न इलाकों में निकाली गई शोभायात्रा के दौरान हिंसा की खबरें आई हैं। इसको लेकर खूब राजनीति भी हो रही है। इन सबके बीच उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है ।योगी सरकार के फैसले के मुताबिक उत्तर प्रदेश में अब बिना अनुमति के कोई भी शोभायात्रा या धार्मिक जुलूस नहीं निकाली जाएगी। इसको लेकर सरकार की ओर से एक आदेश भी जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही शोभा यात्रा निकालने से पहले आयोजकों से शांति सौहार्द कायम रखने के लिए शपथ पत्र भी मांगा जाएगा। कोई शोभायात्राध धार्मिक जुलूस बिना विधिवत अनुमति के न निकाली जाए। अनुमति से पूर्व आयोजक से शांति–सौहार्द कायम रखने के संबंध में शपथ पत्र लिया जाए।



मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक कोई शोभायात्राध्धार्मिक जुलूस बिना विधिवत अनुमति के न निकाली जाए। अनुमति से पूर्व आयोजक से शांति–सौहार्द कायम रखने के संबंध में शपथ पत्र लिया जाए। अनुमति केवल उन्हीं धार्मिक जुलूसों को दिया जाए, जो पारंपरिक हों, नए आयोजनों को अनावश्यक अनुमति न दी जाए। हाल में हुई हिंसा के मद्देनजर योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में धार्मिक आयोजनों को लेकर अत्यधिक सतर्कता बरतने को भी कहा है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी साफ कर दिया है कि सड़क पर कोई भी धार्मिक आयोजन नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व–त्योहार हैं। रमजान का महीना चल रहा है और ईद का त्योहार और अक्षय तृतीया एक ही दिन होना संभावित है। ऐसे में वर्तमान परिवेश को देखते हुए पुलिस को अतिरिक्त संवेदनशील रहना होगा। वहीं माइक की आवाज परिषद तक ही सीमित रहे। फिलहाल 4 मई तक पुलिस प्रशासन के अफसरों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। योगी ने अफसरों से कहा है कि वे सुनिश्चित करें कि धार्मिक कार्यक्रम पूजा–पाठ तय स्थान पर ही हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आने वाले त्योहारों के मद्देनजर सोमवार को शासन और प्रशासन के अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करते हुए पुलिस को अतिरिक्त तौर पर संवेदनशील रहने की हिदायत दी और दो टूक कहा कि माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए, ऐसे लोगों के लिए सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रमजान, ईद और अक्षय तृतीय जैसे त्योहारों को लेकर सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

### पीएम मोदी ने बनासकांठा में डेयरी परिसर का किया लोकार्पण, कही यह बड़ी बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनासकांठा के दियोदर में डेयरी परिसर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि बीते 1–2 घंटों में मैं यहां अलग–अलग जगहों पर गया और डेयरी सेक्टर से जुड़ी सरकारी योजनाओं की लाभार्थियों और पशु पालन बहनों से मेरी विस्तार से बात हुई। इस पूरे समय के दौरान मुझे जो जानकारियां दी गई उससे मैं बहुत प्रभावित हूं। उन्होंने कहा कि भारत में गांव की अर्थव्यवस्थाओं को, माताओं–बहनों के सशक्तिकरण को कैसे बल दिया जा सकता है, सहकार कैसे आत्मनिर्भर भारत के अभियान को ताकत दे सकता है, ये सब कुछ यहां अनुभव किया जा सकता है।

### जहांगीरपुरी हिंसा में हुई बाहर से फंडिंग? क्या है आरोपियों का बंगाल कनेक्शन



नई दिल्ली। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में 16 अप्रैल को हनुमान जयंती पर हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मुख्य आरोपी अंसार और असलम 2 दिनों की पुलिस कस्टडी में हैं। पुलिस आरोपी अंसार की कुंडली खंगालने में लगी है। पुलिस को अंसार के कॉल डिटेल का इंतजार है। इसके साथ ही हिंसा के सभी आरोपियों के अकाउंट खंगाले जा रहे हैं। पुलिस बाहर से फंडिंग मिलने के एंगल से भी जांच कर रही है। इसके लिए पुलिस दिल्ली से बंगाल तक दबिश डाल रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अंसार की कुंडली खंगालने के लिए दिल्ली पुलिस ने बंगाल पुलिस के भी संपर्क किया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम बंगाल के लिए निकली है। अंसार के हल्दिया वाले घर पर रेड डालने की भी खबर है। इसके साथ ही पुलिस की तरफ से दावा किया गया है कि अंसार पश्चिन बंगाल से लोगों को लाता है और कबाड़ का काम करवाता है। दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए दो मुख्य आरोपियों सोनू शेख और अंसार शेख के पास से बीएमडब्ल्यू सहित अन्य लग्जरी कारें मिली हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल के मूल निवासी हैं जो अब राष्ट्रीय राजधानी में रहते हैं। बताया जा रहा है कि गृहनगर हल्दिया में सोनू और अंसार एक समृद्ध पृष्ठभूमि से आते हैं जिसे उन्होंने स्क्रैप व्यवसाय चलाकर हासिल किया है।

### दिल्ली में ऑटो और टैक्सी चालकों का विरोध दूसरे दिन भी जारी, कर रहे हैं यह मांग

नई दिल्ली। दिल्ली में ऑटो, टैक्सी और कैब चालको का विरोध प्रदर्शन आज भी जारी है। इनके हड़ताल की वजह से यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है। दरअसल, ईंधन की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर सीएनजी पर सब्सिडी और किराए की दरों में लगातार बदलाव की मांग हो रही है। हड़ताल के चलते पिछले 2 दिनों से दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कैब और ऑटो की लगातार कमी दिखाई दे रही है। आज दूसरे दिन भी इनका विरोध प्रदर्शन जारी है। इसकी वजह से यात्रियों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एक टैक्सी चालक ने बताया कि 2 दिन से हम लोग स्ट्राइक पर हैं। 35 रुपए किलो ब्छळ गैस थी और अब 72 रुपए किलो कर दी है।

### MNS का ऐलान- 3 मई को पूरे महाराष्ट्र में मंदिरों में लाउडस्पीकर लगाकर की जाएगी महाआरती



मुंबई। देश में इन दिनों अजान के मुद्दे को लेकर विवाद छिड़ा है। मस्जिदों से लाउडस्पीकर के माध्यम से तेज आवाज मेंअजान को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। जिसकी शुरुआत महाराष्ट्र से हुई है और देखते ही देखते ये अब पूरे देश में शोर मचा रहा है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने लाउडस्पीकर को लेकर मोर्चा खोला हुआ है। इसके साथ ही राजड ठाकरे की तरफ से 3 मई तक मस्जिडों से लाउडस्पीकर हटाने का अल्टीमेटम भी दिया गया है। वहीं महाराष्ट्र में अब लाउडस्पीकर लगाने को लेकर परमीशन की आवश्यका होगी। अब मनसे की तरफ से एक बड़ा ऐलान किया गया है और कहा गया है कि 3 मई को पूरे महाराष्ट्र के मंदिरों में लाउडस्पीकर लगाकर आरती की जाएगी। 3 मई को मनसे की श्महाआरतीः राज ठाकरे की पार्टी की तरफ से कहा गया है कि 3 मई को पूरे महाराष्ट्र में मंदिरों में लाउड स्पीकर लगाकर श्आरतीश की जाएगी।

## जहांगीरपुरी हिंसा की नीतीश ने की निंदा

### बोले– हमें एक–दूसरे की धार्मिक भावनाओं का करना चाहिए सम्मान

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश के कुछ हिस्सों और राष्ट्रीय राजधानी के जहांगीरपुरी इलाके में दो समुदायों के बीच हाल में हुई झड़पों की सोमवार को निंदा की। कुमार ने कहा, ''हमें एक–दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और ऐसी घटनाएं निंदनीय हैं।'' 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके और देश के कुछ अन्य हिस्सों में दो समुदायों के लोगों के बीच हाल में हुई झड़पों के बारे पूछे गये एक सवाल के जवाब में कुमार ने कहा, ''जब से हमें काम करने का मौका मिला है तभी से ही आपस में किसी तरह का विवाद न हो, इसे लेकर हम लोग काम करते रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि जब किसी समुदाय, धर्म के त्योहार का अवसर आता है तो प्रशासन पूरी तौर पर सतर्क रहता है ताकि कोई गड़बड़ी न कर सके। उन्होंने कहा, ''हम लोग चाहते हैं कि सभी लोगों में आपस में प्रेम और भाईचारे का भाव रहना चाहिए।'' कुमार ने कहा, ''सभी लोग अपने–अपने धर्म का पालन कीजिए। इसको लेकर कहीं कोई रोक नहीं है। अगर आप सचमुच पूजा में विश्वास करते हैं तो ठीक से पूजा कीजिये। एक–दूसरे से झगड़ा करने का, पूजा करने से कोई संबंध नहीं है।'' उन्होंने बिहार के बारे में कहा, ''यहां पर ऐसा कुछ नहीं है लेकिन कुछ न कुछ तो इधर–उधर होता ही रहता है। यहां पर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। इसके लिए ज्यादा चिंता मत करिए। हम लोग सभी की इज्जत करते हैं, हम लोग किसी को अपमानित नहीं करते हैं।''



बिहार के मंत्री एवं भाजपा नेता जनक राम की मस्जिदों में अजान के दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर देशव्यापी प्रतिबंध लगाये जाने संबंधी मांग के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, ''अगर आप लोग जानकारी दीजिएगा तो हम उनसे तुरंत पूछ लेंगे। हमारे पास कहीं से कोई जानकारी मिलती है तो तत्काल पूछ लेते हैं। ऐसा कुछ नहीं है, कोई भूल से कुछ बोल दिया हो तो उसकी बात अलग है।'' जाने–माने चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के कांग्रेस से जुड़ने की संभावना के बारे में पूछे गये एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर उनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं है। उन्होंने कहा, ''सभी को अपना अधिकार है, राजनैतिक रूप से कोई क्या करना चाहता है, ये उसका अपना अधिकार है। हमसे उनका व्यक्तिगत संबंध रहा है और है भी। वह सबसे पहले भाजपा के साथ थे। फिर हम लोगों के साथ काम किया। अब कहीं और कर रहे हैं, यह उनकी अपनी इच्छा है।'' राज्य की बोचहां विधानसभा सीट के हाल में संपन्न उपचुनाव के नतीजे के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, ''एक जगह उपचुनाव में हम लोगों की हार हो गई तो ये कोई खास बात नहीं है। इससे पहले दो उपचुनाव हम लोग भी जीते हैं। यह कोई आम चुनाव नहीं था।'' उन्होंने कहा, ''जनता मालिक है, उसका जिसे मन करे, उसे वोट दे। इस पर हम कभी टिप्पणी नहीं करते हैं।'' इस उपचुनाव में उनकी सहयोगी पार्टी भाजपा के उम्मीदवार विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी के हाथों पराजित हो गए थे। देश में कोरोना के मामले में हो रही वृद्धि के सवाल पर उन्होंने कहा कि बिहार में कोरोना संक्रमण की दर काफी नीचे आ गई है लेकिन अगर फिर भी कहीं मामले बढ़ रहे है तो उसके लिए सतर्क रहने की जरूरत है। 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम के दौरान आज कुमार ने 106 फरियादियों से मुलाकात की और उनके मामलों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।




# आशा बहुओं ने चिकित्साधीक्षक पंडरी कृपाल को घण्टो बनाया बंधक,पुलिस के पहुचने पर हुई मुक्त

गोण्डा।सीएचसी पंडरी कृपाल इस समय कुछ कर्मचारियो द्वारा लामबंद हो कर सीएचसी को पुराने रास्ते पर ही चलाना चाहते है,लामबन्दी में स्थान्तरित हुए चार कर्मचारियो को वापस लाने व चिकित्सक को भी ट्रांसफर करने को लेकर चिकित्सक को आज उसके चौम्बर में घण्टो बंधक बना रखा पुलिस के आने पर चिकित्सक को मुक्त कराया गया। 2 दिन पहले एक कर्मचारी ने तो यहां तक आरोप लगाया की उसे डॉक्टर ने झापड़ मारा और वह बेहोश हो गई, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और अस्पताल से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। इस पूरे प्रकरण की जब स्वास्थ्य विभाग ने जांच कराई तो पूरा मामला फर्जी पाया गया और गुटबाजी लामबंदी करने वाले अस्पताल के चार कर्मचारियों को स्थानांतरित कर दिया गया। आज जब अस्पताल खुला और कल अमृत महोत्सव मेला की तैयारी की जा रही थी तभी यहां की आशा संगिनी और आशा बहू एकजुट होकर चिकित्सा अधीक्षक पूजा जायसवाल को उनके चेंबर में बंद कर बंधक बना लिया और विरोध में नारेबाजी की। आशा बहुओं का कहना था कि जिन कर्मचारियों को यहां से ट्रांसफर किया गया है उनको यहां वापस लाया जाए या पूजा जसवाल को भी ट्रांसफर किया जाए, यही नही आशा बहुओं ने तो मानदेय ना मिलने, रिश्वतखोरी का भी पूजा जायसवाल पर आरोप लगाया। इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक पूजा जयसवाल एक सिरे से खंडन करते हुए कहा क्योंकि हम कर्मचारियों से काम लेना चाहते हैं इसलिए कुछ कर्मचारी हमसे नाराज हैं और लामबंदी कर रहे हैं।चिकित्सा अधीक्षक को बंदी बनाने की बात मुख्य शिक्षा अधिकारी तक पहुंची तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने अधीनस्थ डिप्टी सीएमओ टीपी जैसवाल को जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जांच करने पहुंचे डिप्टी सीएमओ टीपी जयसवाल ने बताया पूजा जसवाल द्वारा सूचना दी गई थी यहां के आशा बहू संगिनी सब लोगों ने उन्हें चेंबर में बंद करके बंधक बना लिया है और उनके साथ बदतमीजी की है।यहां आने पर आशा बहुओं ने एक शिकायती पत्र दिया जिसमें मानदेय न मिलने की बात कही और डॉक्टर को रिश्वत लेने का आरोप लगाया,जयसवाल ने कहा हम सभी का बयान लेकर, पूजा जसवाल का भी बयान लेंगे और उसके बाद रिपोर्ट मुख्य शिक्षा अधिकारी को सौपेंगे।

# कई महीनों से चल रहे ससुराली जनों की प्रताड़ना से तंग महिला को पुलिस ने विवाद का कराया पटाक्षेप

करनैलगंज(गोंडा)। पति पत्नी के बीच कई महीनों से चल रहे विवाद व ससुराली जनों की प्रताड़ना से तंग महिला को पुलिस ने विवाद का पटाक्षेप कराते हुए महिला को पति के साथ भेज दिया। ससुराली जनों के द्वारा प्रताड़ित की जा रही नव विवाहित महिला ने पुलिस से मदद की गुहार लगाते हुए अपने पति के साथ रहने की विनती की थी। उसने कोतवाली करनैलगंज, महिला थाना व एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि हम अपने पति के साथ रहना चाहते हैं, हमारे मां–बाप बहुत गरीब है मुकदमा नहीं लड़ सकते। करनैलगंज थाना क्षेत्र के कुर्था गांव की रहने वाली विवाहिता ममता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाते हुए कहा कि उसके ससुराली जनों के द्वारा विवाह के बाद उसके साथ मारपीट की जा रही है तथा प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसमें उसका पति भी ससुराली जनों का साथ दे रहा है। कुर्था गांव के निवासी विनोद के साथ पीड़िता ममता का विवाह 6 वर्ष पूर्व हुआ था तथा 1 वर्ष पूर्व उसका गौना आया। अपने पति के साथ रहना चाहती है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने महिला व उसके पति विनोद को एक साथ रहने के लिए न केवल राजी किया बल्कि दोनों को एक साथ विदा किया। हिदायत भी दी कि अगर दोबारा महिला ने शिकायत की तो तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पति पत्नी के बीच में उसके परिवार की एक महिला बाधक बनी हुई थी जिसे हिदायत दी गई है दोनों एक साथ रहने के लिए राजी थे इसलिए परिजनों के साथ पति पत्नी को उसके घर भेजा गया।

## विधायक साण्डी द्वारा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलायी गयी

गोण्डा। भारतीय जनता पार्टी गोंडा द्वारा आज सामाजिक न्याय पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता के कार्यक्रम के साथ ही सफाई नायकों को सम्मानित करने का कार्य किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम एवं स्वच्छता सैनिकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम मंडल के प्रत्येक सेक्टरों में किया गया। जिसके अंतर्गत आज शहर के पटेल नगर स्थित राजा देवी बक्स सिंह पुस्तकालय परिसर के स्वच्छता एवं सफाई का कार्य भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप की अध्यक्षता में सभासद पवन श्रीवास्तव के संयोजन में भाजपा पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम अपने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से जिले में आज स्वच्छता का कार्यक्रम कर रहे हैं। स्वच्छता कर्मी हमारे लिए पूजनीय है। इसी क्रम में हम आज उनका स्वागत अभिनंदन कर रहे हैं। स्वच्छता कर्मचारियों के स्वागत कार्यक्रम शहर के प्रसिद्ध दुख निवारण साहिब गुरुद्वारे में किया गया। जिसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद के स्वच्छता के कर्मचारियों को जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री रंजीत बाबा, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा, भूपेंद्र आर्य, पवन श्रीवास्तव, राम गोपाल साहू, इत्यादि भाजपा नेताओं के द्वारा माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में रालोद ने किया प्रदर्शन

## डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में किया प्रदर्शन

अयोध्या। बढ़ती हुई मंहगाई को लेकर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने जिला कृषि अधिकारी कार्यालय पर इकट्ठा होने के पश्चात जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ प्रदर्शन करते हुए जा रहे थे तभी रास्ते में ही जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे विजय कुमार बरनवाल नायब तहसीलदार अयोध्या को राष्ट्रपति को संबोधित तीन सूत्री मांग पत्र दिया। रालोद कार्यकर्ता गर्मजोशी के साथ नारा लगा रहे थे कि जब से भाजपा सरकार आई है कमरतोड़ महंगाई है डीजल पेट्रोल गैस का बड़ा दाम वापस लो हाथ में डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, महंगाई के विरोध में लिखी हुयी तख्ती तथा पार्टी का झंडा लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर रहे थे।

राष्ट्रीय लोकदल की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल ने बताया कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है बाजारों में घरेलू और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमते दिन बढ़ती जा रही है जिसका मुख्य कारण डीजल के मूल्यों में बढ़ोतरी है आज प्रत्येक परिवार पर लगभग 5000 रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त बोझ परिवार के मुखिया के ऊपर पड़ रहा है जिसके फल स्वरूप परिवार का पालन पोषण बहुत कठिन हो गया है। राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ता ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हैं कि उपरोक्त मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए जनहित में केंद्र सरकार को निर्देशित किया जाए जिससे महंगाई पर रोक लग सके। ज्ञापन के माध्यम से हम लोगों ने मांग किया है कि पेट्रोल और डीजल को जी.एस.टी के दायरे में लाने तथा मूल्यों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देशित किया जाए ,घरेलू गैस की कीमतें या तो 300 रूपये प्रति सिलेंडर कम किया जाए अथवा सब्सिडी पुर्व की भांति लागू करने के लिए निर्देश दिये जाए , खुदरा बाजार में सरकारों द्वारा नियमित रूप से बाजार मूल्यों की जांच करायी जाए। प्रदर्शन में कार्यवाहक जिला अध्यक्ष के अलावा राजेश तिवारी प्रमोद श्रीवास्तव रामशंकर वर्मा अमित पांडे देवी शरण वर्मा राममिलन वर्मा रामजीवन वर्मा अवधेश रावत सुरजीत वर्मा सचिन पटेल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## राशन कार्डधारकों ने प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को दिया मांग पत्र,कार्यवाही की मांग

कर्नलगंज, गोण्डा। तहसील क्षेत्र के विकासखण्ड हलधरमऊ अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरबटपुर के कार्डधारक ग्रामीणों राजू, शमीम, जुबेदा, सादाब, रुबीना, आजाद, रमजान सहित अनेकों लोगों ने तहसील में प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा है। दिये गए मांग पत्र में कार्ड धारकों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के कोटेदार मनमानी तरीके से खाद्यान्न का वितरण कर रहे हैं। अंगूठा लगवाकर कहते हैं कि आपका अंगूठा नही लग रहा है।जबकि सरकार ने प्रति यूनिट पांच किलोग्राम खाद्यान्न लाभार्थियों को वितरण करने का निर्देश दे रखा है। लेकिन कोटेदार पांच किलो की जगह मात्र तीन किलोग्राम खाद्यान्न वितरण कर रहे हैं। वहीं विरोध करने पर गाली व जान से मारने की धमकी देकर भगा देते हैं।

## पशु व बकरी सेड निर्माण पर सरकारी धन का आहरण, एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी निर्माण नही

करनैलगंज(गोंडा)। एक ग्राम पंचायत में पशु सेड व बकरी सेड निर्माण पर सरकारी धन का आहरण कर लिया गया मगर एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी निर्माण नही कराया गया है। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई है। प्रकरण विकास खंड हलधरमऊ अंतर्गत ग्राम पहाड़ापुर से जुड़ा है। यहां के निवासी मनोज कुमार शुक्ला ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमे कहा गया है कि वर्ष 2020–21 में ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में बिना पशु सेड का निर्माण कराये ही धन का आहरण करके बंदरबांट कर लिया गया है। मनोज कुमार शुक्ला ने प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। खंड विकास अधिकारी राम आज्ञा मौर्य ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नही है। ग्राम पंचायत अधिकारी विजय लक्ष्मी सिंह ने बताया कि वर्ष 2020–21 में यह प्रकरण उनके कार्यकाल का नही है। इस लिये स्थलीय सत्यापन करने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है। वहीं खंड विकास अधिकारी रामआज्ञा मौर्य से दूरभाष पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, मगर उनका फोन नही उठा।

## एनसीसी ने चलाया पुनीत सागर अभियान

अयोध्या। राष्ट्रीय कैडेट कोर की ओर से राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम के तहत पुनीत सागर अभियान गुप्तार घाट पर चलाया गया। 01 यूपी इंडिपेंडेंट गर्ल्स बटालियन की ओर से चलाए गए अभियान के तहत साफ–सफाई की गई। अभियान में सरकारी इंटर कॉलेज की एएनओ. लेफ्टीनेंट मालती, राम अनुज व झुनझुनवाला पीजी कॉलेज की कार्यवाहक एएनओ तजीन फातिमा ने कैडेटों का निर्देशन तथा कार्यक्रम का संचालन किया। 1 यूपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सुमित रंजन ने बताया कि पुनीत सागर अभियान के तहत नदी, नहर, तालाब और अन्य जलाशयों की साफ सफाई के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। भविष्य में भी ऐसे कार्यकर्म एनसीसी की ओर से किए जाएंगे। बताया कि लोगों में जलाशयों की स्वच्छता और जागरूकता आए क्योंकि इनके प्रदूषण से पर्यावरण और जलीय जीव जंतुओं को भी अत्यंत हानि पहुंचती है।

## तीन भाइयों सहित एक मित्र के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

मिल्कीपुर–अयोध्या। इनायतनगर थाना क्षेत्र के पारा ताजपुर गांव निवासी तीन सगे भाइयों एवं उनके एक मित्र के विरुद्ध धोखाधड़ी एवं गबन का मुकदमा दर्ज हो गया है। हालांकि पुलिस अभी मामले में किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इनायतनगर थाना क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत मलेथू बुजुर्ग गांव निवासी सुनील कुमार ने इनायत नगर पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि चौकी क्षेत्र के ही पारा ताजपुर गांव निवासी शिव कुमार चौरसिया, शोभित राम चौरसिया एवं कृष्ण कुमार चौरसिया पुत्र भृगुनाथ चौरसिया ने दादा इंटरप्राइजेज के नाम से एक फर्म बना रखी है। शिव कुमार की मां गांव की पूर्व प्रधान भी रह चुकी हैं। सुनील का आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने बताया कि पांच डंपर निकालना है, अगर तुम चाहो तो तुम भी हिस्सेदार बन सकते हो। उनके झांसे में आकर सुनील कुमार ने भी 5 लाख चेक के द्वारा एवं दो लाख 59 हजार रुपए गूगल पे के माध्यम से दे दिया था। जब उन्होंने अपना डंपर मांगा तो आनाकानी करने लगे और पंजाब नेशनल बैंक का एक चेक थमा दिया था। खाते में पर्याप्त धन उपलब्ध ना होने के चलते चेक बाउंस हो गया। मामला बढ़ता गया। इसी बीच शिव कुमार के मित्र सूरज यादव निवासी ग्राम डढ़वा से भी उचित इसी पैसे को लेकर विवाद हो गया और उपरोक्त लोगों ने सुनील कुमार से अभद्रता करते हुए उसे जान से मारने की धमकी तक दे डाली। शिकायतकर्ता द्वारा तहरीर के साथ पर्याप्त साक्ष्य दिए जाने के चलते इनायत नगर पुलिस ने आरोपियों शिव कुमार, शोभित कुमार, कृष्ण कुमार एवं सूरज यादव के विरुद्ध धारा 406, 420, 352, 504 एवं 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आजादी का अमृत महोत्सव मनाएगा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। अब आजादी का कार्यक्रम आयोजन को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन



अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजन मैं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ भी शामिल होगा इसके लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वह देश को आजाद कराने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके आश्रितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सम्मान दिलाएंगे यह बातें महासंघ के जिला अध्यक्ष विकास कांत पांडे ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीएसए को ज्ञापन देने के दौरान कही हैराष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला इकाई ने आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजन की अनुमति बी एस ए से मांगी है। संघ जिलाध्यक्ष विकास कांत पांडे की अगुवाई में शिक्षक प्रतिनिधि मंडल बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामचंद्र से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन में मुख्य रूप से आजादी का अमृत महोत्सव संगठन की तरफ से आयोजित करने के लिए आगामी 15 अगस्त 2023 को आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम जिले भर में आयोजित करेगा इसके पूर्व प्रत्येक महीना स्कूल, सामाजिक संगठनों के साथ सार्वजनिक स्थानों पर संगठन आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन 75 सप्ताह तक चलाएगा जिलाध्यक्ष ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत की आजादी के 75 साल एवं उसके संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को लोगों को अवगत कराएगा। यह महोत्सव भारत के जनमानस के लिए समर्पित होगा जिन्होंने भारत को अपनी विकासवादी यात्रा में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी का अमृत महोत्सव भारत की सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक एवं आर्थिक पहचान के बारे में प्रगतिशील है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मार्च 2021 को साबरमती आश्रम अहमदाबाद से दांडी मार्च को हरी झंडी दिखाकर आजादी का अमृत महोत्सव का उद्घाटन किया है ,जो 15 अगस्त 2023 तक अनवरत जारी रहेगा इस अभियान को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ आजादी का मृत महोत्सव कार्यक्रम गांव कस्बे स्कूल सार्वजनिक स्थानों पर मनाते हुए लोगों को देश को आजाद कराने वाले अमर शहीदों के योगदान को अवगत कराएगा बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामचंद्र ने संघ प्रति मंडल को आश्वासन दिया है कि उनके इस अभियान मैं हर संभव सहयोग किया जाएगा क्योंकि यह अभियान शासन का महत्वपूर्ण अभियान है इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राधा मोहन पांडे जिला महामंत्री अंकुर प्रताप सिंह जिला कोषाध्यक्ष एवं आईटी सेल प्रभारी मनमोहन सिंह पीयूष कांत मिश्रा रवि ज्योति मिश्रा देवेंद्र नाथ तिवारी ममता शुक्ला विनोद कुमार डॉ श्वेता सिंह आदर्श कुमार विजयपाल मौर्य विनोद कुमार तिवारी विवेक कुमार सिंह, अनूप कुमार सिंह आदि ज्ञापन देने के दौरान शामिल रहे हैं।

- जिला इकाई ने महोत्सव आयोजन को लेकर बीएसए से मांगी अनुमति
- आयोजन को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

## बेगारी न करना श्रमिक को पड़ा भारी,पिटाई कर तोड़ा हाथ

गोण्डा। जिले के थाना कोतवाली देहात अन्तर्गत ग्राम पंचायत कंसापुर में एक श्रमिक को बेगारी न करना मंहगा पड़ा। जहां गांव के ही कुछ लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी जिससे उसका हाथ टूट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला जनपद गोण्डा के थाना कोतवाली देहात अन्तर्गत ग्राम पंचायत कंसापुर से जुड़ा है। यहां के निवासी गुरु प्रसाद मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण कर रहा था। शनिवार को कुछ लोग बेगारी करने के लिये बुलाए। तवियत खराब होने की वजह से उसने बेगारी करने से मना कर दिया। इसी को लेकर लोग मजदूर की पिटाई कर दिए, जिसमे उसका हाथ टूट गया। साथ ही शरीर में काफी चोटे आयी हैं। घायल श्रमिक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है, रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## मोपेड सवार को कार सवार ने मारी टक्कर,मोपेड सवार हुआ गंभीर रूप से घायल

शिवदयालगँज,गोंडा। मोपेड सवार को कार सवार ने मारी टक्कर,मोपेड सवार हुआ गंभीर रूप से घायल। पुलिस ने कार को लिया कब्जे में। कस्बे के शुगर मिल गेट पर नवाबगंज बाजार से वापस मोपेड से अपने घर जा रहे राम लौटन उम्र 55 वर्ष पुत्र राम जस निवासी तेलियन पुरवा ग्राम पंचायत हरिवंशपुर को पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे मोपेड सवार सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और परिजनों के द्वारा घायल को कस्बे के एक निजी अस्पताल में लाया गया जहां डाक्टर ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कार को पुलिस द्वारा अपने कब्जे में ले लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तम तकनीकी से खेती करने से फसल की पैदावार होगी अधिकः कमलेश मिश्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। पायनियर कार्टिवा के तत्वाधान में विकासखंड तुलसीपुर के लालपुर लेबुड्ढी बसंतपुर मैं संगोष्ठी आयोजित की गई संगोष्ठी में किसानों को उत्तम बीज के साथ अच्छी फसल पैदा करने के टिप्स बताए गए पायनियर कार्टिवा मैनेजर जनार्दन वर्मा ने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश किसानों को अच्छी फसल पैदा करने की व्यवस्था कराना है इसके लिए तकनीकी युक्त खेती एवं उत्तम बीज की बहुत महत्त्व होता है उन्होंने किसानों से अपील किया कि पायनियर के बीज का उपयोग करें उन्हें इसके उपयोग से न केवल खेतों की उर्वरा बरकरार रहेगी बल्कि फसल की पैदावार भी अधिक होगी संस्थान के कमलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि पायनियर एक ब्रांड है जो किसानों के आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करता है अधिक फसल होने पर अधिक पैदावारी व आर्थिक लाभ किसानों को मिलेगा ऐसे में किसान उत्तम बीज का प्रयोग करें उन्होंने गांव–गांव में जाकर किसानों को उत्तम तकनीकी खेती करने के टिप्स दिए हैं संगोष्ठी में किसान बाबादीन राम मनोहर लोकेश कुमार आदि ने अपने विचार रखते हुए पायनियर बीच के संबंध में संस्थान के मैनेजर से विभिन्न बिंदुओं को साझा किया है साथ ही साथ अधिक पैदावार के लिए विस्तृत जानकारी ली है संगोष्ठी में किसानों ने खेती किसानी की बेझिझक अपनी समस्याओं का सीधा संवाद करके अधिक फसल के पैदावारी की जानकारी ली है इस दौरान दर्जनों किसान संगोष्ठी में शामिल रहे हैं।



- पायनियर कर्तिवा ने तुलसीपुर ब्लॉक के बसंतपुर सेहरीवा लालपुर लेबुड्ढी गांव में की संगोष्ठी
- संस्थान के मैनेजर जनार्दन वर्मा ने किसानों के से किया सीधा संवाद

## तहरीर पर तहरीर, लेकिन नहीं हुई सुनवाई, पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

इटियाथोक,गोंडा।पीड़ित महिलाओं व बेटियों को न्याय दिलाने के लिए चाहे जितने कड़े कानून बनाये गए हों, लेकिन तमाम कानूनों के बावजूद पीड़ित को अभी भी न्याय के लिए दर–दर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है।कुछ ऐसा ही मामला इटियाथोक थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां 10 अप्रैल को गांव के ही किशोर ने पड़ोस में रहने वाली किशोरी के साथ छेड़खानी करते हुए रेप का असफल प्रयास किया। इसके बाद हफ्ते भर तक पीड़ित लड़की और उसकी मां पुलिस थाने में गुहार लगाता रही, लेकिन किसी ने उसकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की। यही नहीं आरोप है कि इस दौरान पुलिस उलटा पीड़िता से समझौता बनाने का दबाव बनाती रही।आखिरकार, परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

## मेले का शुभारंभ कटरा बाजार विधायक बावन सिंह ने किया

करनैलगंज(गोंडा)। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हलधरमऊ में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ कटरा बाजार विधायक बावन सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ मेले में गोल्डन कार्ड का वितरण व युवा मंडल की तरफ से गांव के मंगल युवा महिला व पुरुषों को खेलकूद की सामग्री का वितरण किया गया। दोपहर 2 बजे तक 349 मरीज देखेगा चुके थे।

# फूफा निकला कातिल, पुलिस ने किया गिरफ्तार




दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़ / सिद्धार्थनगर। थाना शोहरतगढ़ में एक महिला ने थाने पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि उसका पुत्र (उम्र 11 वर्ष) दिनांक 17 ध्18–04–2022 की रात्रि गांव में ही आर्केस्ट्रा देखने गया हुआ था, जो कि सुबह तक भी वापस घर नहीं आया। इस सूचना पर थाना स्थानीय पर अविलम्ब व्यपहरण का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बालक की बरामदगी के लिये पुलिस टीम का गठन किया गया, एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछ–ताछ की गई, तब उसने उस बालक के बारे में बताया कि रंजिश के कारण उसकी हत्या




करके लाश को बाणगंगा नदी के किनारे छिपा दिया है। मंगलवार को पुलिस बल ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालयध्शव अन्त्य परीक्षण घर भेज दिया। पुलिस की माने तो अभियुक्त का अपनी पत्नी के साथ अनबन चल रहा है अभियुक्त की पत्नी मृतक के मामा की बेटी है। अभियुक्त की क्रूर हरकतों के कारण उसकी पत्नी मायके चली गई थी। युक्त को ऐसा प्रतीत होता था कि मृतक के परिवार के कारण उसकी पत्नी वापस नहीं आ रही है। अभियुक्त क्रूर मानसिकता का व्यक्ति है। घटना स्थल का अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधि ाकारी शोहरतगढ़ निरीक्षण किया गया है। अभियोग को 364 302 201 दर्ज कर अभियुक्त को हिरासत में ले लिया गया है। उक्त जघन्य कांड को गंभीरता से लेते हुए विवेचनात्मक कार्यवाही 3 दिन में पूर्ण करके उपरोक्त मुकदमे को फास्ट ट्रैक में लगवा कर एक माह में सजा कराए जाने का प्रयास किया जाएगा।

# तेज रफ्तार कार की ठोकर से बाइक सवार और टैंपो सवार घायल

सिद्धार्थनगर। जोगिया उदयपुर नौगढ़ मार्ग पर लगातार हो रहे तेज रफ्तार गाड़ियों से दुर्घटनाएं क्षेत्रवासियों को दहशत में ला दिया है मंगलवार को दिन में एक बार फिर नौगढ़ की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही क्रेटा कार ने पहले बाइक सवार को टक्कर मारी बाद में बांसी की तरफ से आ रही टेंपो को भी टक्कर मार दी जिससे बाइक एवं टेंपो पर सवार 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, टक्कर इतनी तेज रही की क्रेटा का भी आगे का हिस्सा बुरी तरह खराब हो गया यही है हाल बाइक और टेंपो का भी रहा, दुर्घटना में घायलों को तुरंत जोगिया कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया जहां खबर लिखने तक इलाज चल रही थी। घायलों में कईयों के हाथ पैर टूट गए मुख्य रूप से अतहर अली निवासी मुडीला का बाया पैर टूट गया, नौशाद अहमद का दाहिना पैर टूट गया ,करौदा मसीना निवासी चंद को हल्की चोट ,राम सिंह ,राजकुमारी निवासी मसीना ,दुर्गेश कुमार निवासी सोनकर, रामअवतार को भी गंभीर चोटे आई।





# मिशन शक्ति अभियान मे ढेबरुआ पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश
तुलसियापुर / सिद्धार्थानगर। बढ़नी ब्लॉक के तुलसियापुर चौराहे पर स्थित पं.बाबूराम शुक्ल विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में मंगलवार को ढ़ेबरुआ पुलिस के सौजन्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ढ़ेबरुआ के एसआई प्रदीप कुमार चौहान ने कहा कि पुलिस आपके सहयोग के लिए है, उसे आप मित्र समझें। डायल 112 जैसी सुविधा इसलिए ही है ताकि घटनास्थल पर पुलिस



10 से 15 मिनट के बीच पहुंचे। थाने पर आपकी कोई नहीं सुनता तो आप ऑनलाइन शिकायत करें। महिला आरक्षी रुनझुन राय ने कहा कि छात्राओं, महिलाओं के लिए 1090 जैसी हेल्पलाइन है। छेड़खानी जैसी घटनाओं की शिकायत आप सीधे इस हेल्पलाइन नंबर पर कर सकती हैं। लड़कियों के साथ स्कूल आते–जाते समय, ऑटो और बस में छेड़छाड़ की घटनाएं होती हैं। कई बार लड़कियां डर की वजह से घटना को छिपा लेती हैं। महिला आरक्षी ममता मौर्या ने समझाया कि कोई भी आपको परेशान करे, आपके साथ बदमाशी करे। अगर आपको कभी भी कोई दिक्कत महसूस हो तो आप कभी भी किसी से डरे नहीं। अपनी दिक्कत को साझा जरूर करें। प्रधानाचार्य रवि शुक्ल ने कहा कि आप अपने मम्मी, बड़ी बहन या पापा को संबंधित दिक्कत के बारे में जरूर अवगत कराएं। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपके साथ बदमाशी करने वाला शख्स तो यही सोचेगा कि अरे ये तो डर गई। इससे उसकी हिम्मत और बढेगी और वो बार–बार आपको परेशान करेगा।इससे आप दिक्कत में फंसते चले जाएंगे। इसलिए आप कभी भी कोई बात छिपाइए मत। अपने परिजनों से या अपने स्कूल के शिक्षक, प्रध ानाचार्य और पुलिस स्टाफ को बताएं। पुलिस के पास अगर आपकी शिकायत आती है तो इसमें कोई शक नहीं कि आपकी समस्या का समाधान नहीं होगा। इस मौके पर आरक्षी संजय कुमार यादव, राकेश कुमार, शिक्षक आशाराम यादव, विश्वनाथ यादव, सुमेरु गिरि, संदीप पाण्डेय, कन्हैया लाल यादव, सुनील यादव, रीना पाण्डेय, धनन्जय पाठक बालगोविंद यादव, जितेन्द्र शुक्ल संतप्रसाद निषाद, प्रदीप मौर्य, साधना श्रीवास्तवा, दीक्षा शुक्ला आदि मौजूद थे।

# शांति बनाए रखने को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक ने किया धर्मगुरुओं से मुलाकात

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। जनपद में शांति व्यवस्था बनाने के लिए मंगलवार




को अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद रावत ने जनपद के विभिन्न धर्मों के 128 धर्मगुरु या धार्मिक प्रभावशाली व्यक्तियों से मुलाकात कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की सुरेश चंद रावत ने कहा कि आज जरूरत है कि हम एक दूसरे के धर्मों की सम्मान करें और आपस में शांति सहयोग की भावना रखें अपर पुलिस अध ीक्षक ने कहा कि पुलिस लगातार धर्मगुरु एवं धार्मिक कार्यों में लगे प्रभावशाली व्यक्तियों से मुलाकात कर जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने में लगी हुई है इसके बाद भी एक जनपद में कहीं भी किसी के द्वारा शांति भंग की जाती है तो मुख्यमंत्री के आदेश पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी सुरेश चंद रावत ने नौगढ़ में मुस्लिमों के धर्मगुरु मौलाना सैयद सोहेल कादरी तथा हनुमानगढ़ी मंदिर के धर्मगुरु सत्य प्रकाश त्रिपाठी से मुलाकात कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

# डीएफओ चंदेश्वर सिंह ने कटबंध नर्सरी का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। वन विभाग के



डीएफओ चंदेश्वर सिंह ने जिले के खेसरहा रेंज स्थित कटबंध नर्सरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहा कि वन संपत्तियों का सुरक्षा करना वन कर्मियों के साथ ही स्थानीय समाज की जिम्मेदारी भी होती है। लिहाजा ग्रामीणों को समय–समय पर जागरूक करने के साथ ही प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष समाज की धरोहर होते हैं, मनुष्य के साथ जीव जंतुओं के आवश्यकता की पूर्ति इन्हीं वृक्षों से पूरी होती हैं। डीएफओ ने




कटबंध पौधशाला में पौधरोपण के लिए कराए गए अग्रिम मृदा कार्य का निरीक्षण किया, वन कर्मियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने नर्सरी में पौध ारोपण के लिए तैयार किए जा रहे एक लाख 80 हजार थैली पौध, 20 हजार पिंडी पौध की क्यारियां देखा। इनमें सागौन, शीशम, अमरुद, सागौन, कचनार, सिरसा, जामुन, अर्जुन, सहजन की नर्सरी तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जन भागीदारी के साथ पौधरोपण के बाद इसके रखदूरखाव हेतु भी सतर्कता बरतने पर जोर दिया। जीवामृत और जैविक खाद से पौधों को दिया जाएगा टानिक खेसरहा क्षेत्र के वन क्षेत्राधिकारी सुभाष त्रिपाठी ने बताया कि कटबंध पौधशाला पर एक ड्रम में नए पौधों के लिए जीवामृत नाम की टानिक तैयार किया जा रहा है। गुण, बेसन, गौमूत्र, खली से तैयार जीवामृत पौधों में डाला जाता है, इससे इनकी जड़े मजबूत होती हैं और पौधों का विकास होता है। इसके अलावा जैविक खाद भी पौधशाला में तैयार किया जाता है। इसके लिए एक झोपड़ी बनाकर उसमें एक तरफ केंचुआ और दूसरी तरफ पौधशाला से निकलने वाला घास डाला जाता है इससे जैविक खाद तैयार होता है जो पौध ाशाले में प्रयोग होता है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में हुआ आठ सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

## भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में आयोजित स्वास्थ्य मेले शुभारंभ माता प्रसाद पांण्डेय ने फीता काट कर किया

दैनिक बुद्ध का संदेश
भनवापुर / सिद्धार्थनगर।






मंगलवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन सीएचसी सिरसिया में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में इटवा के वर्तमान विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांण्डेय ने फीता काट कर शुभारंभ किया।स्वास्थ्य मेले में आये कुल करीब सात सौ पैंसठ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं दी गयी। मेले में माता प्रसाद पांण्डेय ने आयुष चिकित्सा स्टाल, होम्यो पैथी चिकित्सा, बाल विकास एवं पुष्टाहार के स्टाल पर लगे पोषण प्रदर्शनी का निरीक्षंण किया।इस दौरान उन्होने कहा कि स्वास्थ्य मेला के आयोजन से क्षेत्र के मरीजों को एक साथ सभी विशेषज्ञ डाक्टरों का सलाह व स्वास्थ्य परीक्षण आसानी से हो जाता है। मौके पर पहुंचे ज्वाइन डारेक्टर डॉ पंकज सक्सेना,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एस.एन त्रिपाठी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऐ.के.आजाद ने भी स्वास्थ्य स्टाल का निरीक्षंण कर मरीजों से बात कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान दंत रोग के डॉ. महेश वर्मा,आयुष चिकित्सक डॉ धनंजय कुमार,डॉ. अनुराग मिश्र, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भनवापुर लवकुश ओझा, रमेश गुप्ता, अध ीक्षक डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा, डॉ. श्रेया चौध ारी, डॉ. सिद्धार्थ जयसवाल, डॉ पीएन पटेल, सकुंतला, मीना, लक्ष्मी, रूपम पाठक, मुन्नू लाल, चंद्रशेखर पांण्डेय, आदि लोग मौजूद रहे।

# इटवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आजादी महोत्सव का किया शुभारम्भ



दैनिक बुद्ध का संदेश
इटवा / सिध्दार्थनगर। इटवा तहसील के अन्तर्गत इटवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विकास खण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत अमृत आजादी महोत्सव आयोजित किया गया। इटवा विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था बने कि गरीबों तक सस्ती व शुलभ सुविधा उपलब्ध हो सके। डाक्टर चिकित्सा अधिकारी डॉ बी के बैध ने मुख्य अतिथि को बुकी देकर स्वागत किया। सचालक डा बलराम त्रिपाठी ने किया। बी डीओ अरुण कुमार श्रीवास्तव, संसाद प्रतिनिधि माधव यादव, पशुचिकित्सा अधिकारी, डॉ सुनील पाण्डेय, डा सजय गुप्ता, डा सदीप, वी पी एम अनिल यादव, सुरेश मिश्रा, सुजाला मिश्रा, ओम प्रकाश त्रिपाठी, खेमराज देवेश सहित अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण, कर्मचारियों को दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। नवागत जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा आज कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान नवागत जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा सर्वप्रथम सयुंक्त कार्यालय का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने ई0आर0के0 रवीन्द्र श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि फाइलों का रख–रखाव ठीक ढंग से होना चाहिए। इसके बाद न्याय सहायकध्आयुध सहायक कक्ष का निरीक्षण किया गया। इसके बाद ई0डी0एम0 कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इसके बाद आपदा कक्ष, मुख्य राजस्व अभिलेखागार कक्ष, एस0एल0ओ0 कक्ष, भूलेख, कोषागार कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात आबकारी, सूचना विभाग, चकबन्दी तथा अन्य समस्त विभागो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त ओ0एस0डी0 पी0के0 सिंह, न्याय सहायक राम केवल, ई0आर0के0 रवीन्द्र श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी सूर्यलता श्रीवास्तव, नाजिर कलेक्ट्रेट गिरीश चन्द्र मिश्रा, नाजिर कैश रमाकान्त पाठक, तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




# सम्पादकीय

**अमेरिका पहले भी सवाल उठाता रहा था। लेकिन इस बार का दबाव काम आया। उधर टू प्लस टू की वार्ता शुरू हुई और इधर भारत सरकार की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने अपने टेंडर में से उरल्स श्रेणी के कच्चे तेल को अलग कर दिया। इंडियन ऑयल उरल्स श्रेणी का कच्चा तेल नहीं खरीदेगा...**

## अमेरिकी दबाव में पीछे हटा भारत



अमेरिका के दबाव में ही सही लेकिन भारत सरकार को सद्बुद्धि आई और उसने रूस से तेल खरीद बढ़ाने की पहल को धीमा कर दिया है। मजेदार बात यह है कि थोड़े दिन पहले तक भारत सरकार के जो मंत्री भारत के हितों की दुहाई दे रहे थे और मीडिया में सीना ठोक कर कह रहे थे कि भारत को अगर सस्ता तेल रूस से मिल रहा है तो वह खरीदेगा, अमेरिका कौन होता है नसीहत देने वाला है, वो सब लोग चुप हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री, विदेश मंत्री और पेट्रोलियम मंत्री तीनों ने कहा था कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों पर कोई समझौता नहीं करेगा और उसे अगर रूस से सस्ता तेल मिल रहा है तो वह खरीदेगा। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने रूस से कच्चे तेल की खरीद भी बढ़ा दी थी। ध्यान रहे भारत के कुल तेल आयात में रूस से होने वाले आयात का हिस्सा दो फीसदी से भी कम है। इस बार ऐसा लग रहा था कि रूस यूक्रेन युद्ध से पहले वाली कीमत यानी 24 फरवरी से पहले वाली कीमत पर भारत को तेल देगा तो भारत ज्यादा तेल खरीदेगा। खराब क्वालिटी का कच्चा तेल होने, बीमा महंगा होने और लंबे रूट से ढुलाई पर होने वाले खर्च के बावजूद भारत को इसमें फायदा था। ध्यान रहे भारत हर साल सौ अरब डॉलर यानी करीब नौ लाख करोड़ रुपए का कच्चा तेल खरीदता है। ऐसे में अगर प्रति बैरल दो–चार डॉलर का भी फायदा हो तो भारत को अच्छी खासी बचत हो सकती है। इसी तर्क से भारत सरकार के मंत्री रूस से तेल खरीद बढ़ाने को सही ठहरा रहे थे और पाकिस्तान के तब के प्रधानमंत्री इमरान खान भी कह रहे थे कि भारत एक खुद्दार कौम है, उसकी विदेश नीति स्वतंत्र है और उसको किसी महाशक्ति की जरूरत नहीं है। लेकिन अचानक सब कुछ बदल गया। भारत सरकार के दो वरिष्ठ मंत्री टू प्लस टू की वार्ता के लिए अमेरिका गए और वहां अमेरिका ने रूस से तेल खरीद पर सवाल उठाया। अमेरिका पहले भी सवाल उठाता रहा था। लेकिन इस बार का दबाव काम आया। उधर टू प्लस टू की वार्ता शुरू हुई और इधर भारत सरकार की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने अपने टेंडर में से उरल्स श्रेणी के कच्चे तेल को अलग कर दिया। इंडियन ऑयल उरल्स श्रेणी का कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। ध्यान रहे रूस इसी श्रेणी का तेल बेचता है। इसकी क्वालिटी थोड़ी खराब होती है और इसकी रिफाइनरी का खर्च ज्यादा होता है। बहरहाल, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ वार्ता में यह भी कह दिया कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों की सूची में भारत शीर्ष 10 देशों में नहीं शामिल होगा। इसका मतलब है कि भारत पहले जितना तेल खरीदता रहा है, उसके आसपास ही खरीद करेगा।

## सच बोल ही पड़ता है!

अहमदाबाद के स्थानीय प्रशासन के आंकड़ों से सामने आया है कि कोविड–19 की दूसरी लहर के दौरान इस शहर में 30,427 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई। जबकि उसके पहले के दो सालों में इसी अवधि में औसतन 8,337 लोगों की मौत हुई थी। जाहिर है, 2021 में मौतों का आंकड़ा तीन गुना से भी ज्यादा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर अपनी सरकार की पीठ थपथपाते हुए कहते हैं कि उनके राज कोरोना महामारी के बेदह कुशल ढंग से संभाला गया। भाजपा का प्रचारतंत्र इतना मजबूत है कि गिने–चुने लेग ही इस दावे को चुनौती देते हैं। बहरहाल, कहा जाता है कि सच पर परदा डालना संभव नहीं होता। कुछ समय के लिए बातें छिपाई जा सकती हैं, लेकिन देर–सबेर सच खुद बोल पड़ता है। तो ऐसा ही अब प्रधानमंत्री के गृह राज्य में हुआ है। अहमदाबाद के स्थानीय प्रशासन के आंकड़ों से सामने आया है कि कोविड–19 की दूसरी लहर के दौरान यानी अप्रैल–मई 2021 में इस शहर में 30,427 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई। जबकि उसके पहले के दो सालों में इसी अवधि में औसतन 8,337 लोगों की मौत हुई थी। जाहिर है, 2021 में मौतों का आंकड़ा तीन गुना से भी ज्यादा है। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों में 2021 में इन दो महीनों में 1,000 से भी कम मौतें दर्ज हैं। स्थानीय प्रशासन के आंकड़ों में मौतों का कारण नहीं दिया गया है। लेकिन ताजा आंकड़ों ने कई स्वास्थ्य विशेषज्ञों के दावों को और मजबूत किया है।

कई विशेषज्ञों ने दावा किया था कि भारत में कोविड–19 से होने वाली मौतों की गिनती काफी कम की गई है। अहमदाबाद में आधिकारिक रूप से महामारी की शुरुआत से लेकर अभी तक 10,942 लोगों की मौत दर्ज की गई है। मगर राज्य सरकार ने कोविड–19 की वजह से हुई मृत्यु के हर्जाने के लिए कम से कम 87,000 दावों को स्वीकार किया है। तो गड़बड़झाला साफ है। स्थानीय प्रशासन से आंकड़े आरटीआई अर्जी से सामने आए। इन्हें हासिल करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता के मुताबिक उन्हें ये आंकड़े लंबी कानूनी लड़ाई के बाद दिए गए। यह अपने आप में दिखाता है कि सरकारी एजेंसियां कुछ छिपाने की कोशिश कर रही थीं। भारत में पिछले साल मार्च में संक्रमण के मामलों में नाटकीय बढ़ोतरी की वजह से अहमदाबाद समेत अनेक शहरों में मेडिकल ऑक्सीजन, एम्बुलेंस और अस्पतालों में बिस्तरों की भारी कमी हो गई थी। इस वजह से कई लोगों की मौत घर पर हुई। कइयों की पार्किंग में और और कइयों की अस्पताल के रास्ते में ही मौत हो गई। भारत में अभी तक संक्रमण के कुल 4.3 करोड़ मामले और 5,21,000 मौतें दर्ज की गई हैं। लेकिन कुछ स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि मौतों की कुल संख्या 30 लाख से ज्यादा हो सकती है।

## कब मिलेगा भुखमरी और गरीबी से निदान?

**आज गरीबी और भुखमरी का डाटा बढ़ता जा रहा है। इसमें सुधार कैसे लाया जाए ? क्योंकि यह एक ऐसी गंभीर समस्या है जो वर्तमान पीढ़ी के साथ भावी पीढ़ी को भी विकलांग बना देती है। करोड़ों अरबों की परियोजनाएं आ करके खत्म हो जाती हैं उनका मूल्यांकन जमीनी स्तर पर होता ही नहीं है। कुछ पर योजनाएं तो क्रियान्वित होती हैं लेकिन वह जिनके लिए क्रियान्वित होती हैं उनको ही लाभ नहीं ...**

विकास कुमार

आज 21 वी शताब्दी के दौर में पूंजी का केंद्रीकरण होता जा रहा है। इसके संचय के लिए आध्ाुनिक मानव विविध प्रकार के सही गलत हथकंडे अपना रहा है। केवल एक ही उद्देश्य के लिए, पूंजी का संचय कैसे हो और कितना हो? एक ओर आबादी का कुछ हिस्सा विकास के सूचकांक में उन्नतोदर वृद्धि कर रहा है तो दूसरी ओर अवनति देखने को मिल रही है।



इस अवनति से विविध प्रकार के मानवीय मानसिकता को कुंठित करने वाली समस्याएं उत्पन्न हो रही है। जो वर्तमान समय की सर्वाधिक कठिन समस्याओं में से एक गरीबी और गरीबी का दूसरा आया भुखमरी। इसको पलट करके भी देखा जा सकता है भुखमरी से उत्पन्न गरीबी ।जैसे कहीं बात दोनों एक हैं। आज प्रत्येक देश हथियारों में एवं तकनीकों के विकास में अपने राष्ट्रीय आय का अध्ाकतम व्यय करता है। परंतु वहीं पर आधी से अधिक मानव जाति न्यूनतम सुविधाओं से भी वंचित हो रही है। उनकी यह आवश्यकताएं कब पूरी होंगी। इसका जवाब नाही लेखक के पास है और ना ही लेख पढने वालों के पास। तकनीकी प्रधान और आधुनिक सुविध्ााओं से सुसज्जित दुनिया में हम उन मूलभूत आवश्यकताओं को भूलते जा रहे हैं जो जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स के आंकड़े को सच माना जाए तो प्रतिदिन 3000 से अधिक बच्चे भूख से मर जाते हैं। इसका तात्पर्य हुआ की भूख से मरने वाले बच्चों का ग्लोबल इंडेक्स 23 प्रतिशत केवल भारत को ही दर्शाता है। भूख के मामलों में भारत की स्थिति नेपाल और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों से भी खराब है। दुनिया भर में जहां करीब 5000000 बच्चे कुपोषण के चलते जान गवाते हैं। वही गरीब देशों में 40 प्रतिशत बच्चे कमजोर शरीर और दिमाग के साथ बड़े होते हैं संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट यह दर्शाती है कि पचासी करोड़ 30 लाख लोग भुखमरी का शिकार है। इसमें केवल भारत का आंकड़ा देखा जाए तो लगभग 20 करोड़ से ज्यादा है। जबकि संयुक्त राष्ट्र संघ की विशिष्ट एजेंसी खाद्य एवं कृषि संगठन यानी एफएओ की एक रिपोर्ट बताती है कि रोजाना भारतीय 244 करोड़ रुपए यानी पूरे साल में 89060 करोड़ रुपए का भोजन बर्बाद कर देते हैं। इतनी रात में 20 करोड़ से कहीं अधिक भुखमरी से मरने वाले लोगों का पेट भर सकता है। कोरोनावायरस के बाद लोगों के कमाई के साधन बंद हो गए हैं जिसमें की कई परिवारों की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी नहीं हो पा रही है। इस अवधारणा का शिक्षा पर भी प्रभाव देखने को मिला है क्योंकि जो परिवार भुखमरी और गरीबी के कलह से जूझ रहा है शिक्षा दिला पाना बच्चों को उसके लिए बड़ी बात हो जाती है। सतत विकास की अवधारणा ( 2015) के 15 बिंदुओं में मूलभूत शिक्षा, भुखमरी से निदान और गरीबी रेखा से ऊपर उठाने जैसे बिंदुओं को सम्मिलित किया गया है। क्या इन लक्ष्यों की पूर्ति ईमानदारी के साथ सरकारी मानक समय पर कर पाएंगी? यह प्रश्न भविष्य का है। जिसका उत्तर हमें अभी सुनिश्चित करना होगा। आज एक साधारण मनुष्य अपने परिवार को चला पाने में असमर्थ है। बेरोजगारी की मार और महंगाई उसके लिए नई कलर लेकर आती है। बड़ी–बड़ी कंपनियों से कर्मचारियों को निकाल दिया जाता है। रोजमर्रा की जिंदगी से जूझ रहे दैनिक मजदूरों को उनके प्रति दिन की मजदूरी नहीं दी जाती है। सरकारी योजनाओं में काम कर रहे गरीब मजदूरों को भी समय पर पैसा नहीं मिलता है। सरकारी योजनाएं जो इन कार्यों के लिए क्रियान्वित की जाती हैं , उसका 60 प्रतिशत बीच के लोग खा जाते हैं। आवाज जैसे मूलभूत योजनाओं में भी ग्राम प्रधान या ग्राम सचिव का पैसा फिक्स रहता है। सरकार ने गरीबों के लिए अनाज की योजना चलाई वह भी उस व्यक्ति को आज नहीं मिल पा रहा है। वास्तव में उसका पात्र है क्योंकि राशन कार्ड ग्राम पंचायत स्तर पर उन्हीं लोगों का बन रहा है जिनकी पहुंच प्रधान तक है या फिर ब्लॉक स्तर तक है। एक गरीब आदमी जो प्रतिदिन मजदूरी करके या खेतों में काम करके अपना दैनिक जीवन चला रहा है उसको इन मूलभूत योजनाओं का भी लाभ नहीं मिल पाता है। आज गरीबी और भुखमरी का डाटा बढ़ता जा रहा है। इसमें सुध्ाार कैसे लाया जाए? क्योंकि यह एक ऐसी गंभीर समस्या है जो वर्तमान पीढ़ी के साथ भावी पीढ़ी को भी विकलांग बना देती है। करोड़ों अरबों की परियोजनाएं आ करके खत्म हो जाती हैं उनका मूल्यांकन जमीनी स्तर पर होता ही नहीं है। कुछ पर योजनाएं तो क्रियान्वित होती हैं लेकिन वह जिनके लिए क्रियान्वित होती हैं उनको ही लाभ नहीं मिल पाता है। अगर ऐसी गंभीर समस्याओं से जल्द निदान नहीं मिला तो आने वाले समय के लिए यह घातक सिद्ध हो सकती हैं।


(लेखक– केंद्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में रिसर्च स्कॉलर हैं एवं राजनीति विज्ञान में गोल्ड मेडलिस्ट है)

**उसके निर्माण के लिए चंदा दिया। और इसके लिए भाजपा और आरएसएस दोनों ने उन्हें धन्यवाद दिया। और इससे बहुत पहले विश्व कवि माने जाने वाले सबसे बड़े विद्वान शायर माने जाने वाले अल्लामा इकबाल ने कहा था–श्है राम के वजूद पै हिन्दोस्तां को नाजअहले नजर समझते हैं उसको इमामे हिन्द। इनके जूलूस का कोई विरोध कर सकता है? पत्थर किसने फेंके इसकी उच्च स्तरीय जांच होना ...**

## महंगाई, बेरोजगारी से ध्यान हटाने के लिए दंगों का सहारा

शकील अख्तर

महंगाई अपना असर दिखा रही है। उसे कम करने की कोशिश नहीं हो रही बल्कि लोग उसे भूल जाएं इसलिए हिन्दू–मुसलमान की आग को और तेज किया जा रहा है। रामनवमी पर मध्यप्रदेश से जैसे शांत राज्य से लेकर, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल में जुलूस को लेकर माहौल आक्रामक बनाया गया। उसके बाद हनुमान जयंती पर दिल्ली के जहांगीरपुरी में। धार्मिक जुलूस हमेशा निकलते रहे हैं। हिन्दू–मुसलमान सब शामिल होते हैं। कभी कोई विवाद होता ही नहीं था। निराशा मानवीय स्वभाव है मगर हम भारतीयों पर ज्यादा असर करती है। इन दिनों हर जगह एक ही चर्चा है कि नफरत का जहर नीचे तक पहुंच गया है अब कुछ नहीं हो सकता। कांग्रेस जो देश की मुख्य विपक्षी पार्टी है निराशा के गहरे अंधकार में डूबी हुई है। उसके ज्यादातर नेताओं को लगता है क्या होगा कुछ नहीं हो सकता। इसी कमजोर मानसिकता में वह उत्तराखंड, पंजाब के चुनाव हार गई। जिन बाकी तीन राज्यों में चुनाव थे वहां भी अपनी क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। अब गुजरात के लिए उसे भाड़े के सैनिक (मर्सनरीज) पर भरोसा करना पड़ रहा है। प्रशांत किशोर सब के लिए काम कर चुके हैं। पीआर ( प्रचार तंत्र) बहुत मजबूत है। कांग्रेस की अभी हाल ही में खूब आलोचना कर चुके हैं। कांग्रेस में लोकतंत्र नहीं है कहने से लेकर गांधी–नेहरू परिवार को हटाने से ही पार्टी बचेगी भी कह चुके हैं। मोदी की जी भर के तारीफ करने के साथ यह भी कह चुके हैं कि विपक्ष का नेतृत्व करने का कांग्रेस के पास कोई दैवीय अधिकार नहीं है। राहुल की सारी मेहनत और सड़कों के संघर्ष को दरकिनार करते हुए टीवी एंकरों की तरह उन्हें केवल ट्वीट और केडिंल मार्च करने वाला निरूपित कर चुके हैं। मगर सोनिया गांधी ने उन्हें घर पर बुलाकर उनसे बात की। कांग्रेस के और भी वरिष्ठ नेताओं के साथ। मतलब एक अकेला प्रशांत किशोर और उससे बात करने के लिए पूरा बोर्ड आफ डायरेक्टर। बड़े आदमी से बात ऐसे ही की जाती है। यह अलग बात है कि अभी कांग्रेस के मीडिया विभाग के चौयरमेन रणदीप सुरजेवाला ने उन्हें एक मामूली सलाहकार बताते हुए कहा था कि हम ऐसे लोगों की बात नहीं सुनते हैं। मगर पता नहीं भारत के इस सबसे ज्यादा ओवररेटेड चुनाव विशेषज्ञ ने क्या साबित कर दिया कि कांग्रेस अध्यक्ष उनसे बात कर रहीं हैं। खैर वह जो भी हो। कांग्रेस के लिए जीत जरूरी है। और वह इसे समझ रही है यह अच्छी बात है। क्योंकि जिस निराशा का जिक्र किया वह जीत से ही दूर हो सकती है। अब इस बात का कोई महत्व नहीं है कि वह जीत आपके सिद्धांतों, कार्यक्रमों, देश को जोड़े रखने के मजबूत इरादों की वजह से मिलती है या किन्हीं ट्रिक्स से। जीत इस समय संजीवनी है। गुजरात पिछली बार कांग्रस जीतते जीतते रह गई थी। इस बार फिर वहां मौका है। लोगों की नाराजगी चरम पर है। आम आदमी पार्टी ने इसे भांप लिया है। वह बड़ी तैयारी के साथ जा रही है। जाहिर है कांग्रेस के ही वोट काटेगी। इसलिए इस बार कांग्रेस को ज्यादा रणनीतिक कुशलता से वहां लड़ने की जरूरत है। हार्दिक पटेल क्यों नाराज चल रहे हैं और जब अपने खिलाफ इतना बोलने वाले प्रशांत किशोर को साथ लाया जा सकता है तो उन्हें क्यों नहीं? जैसे सवाल का कांग्रेस के पास कोई जवाब नहीं है। दरअसल कांग्रेस के पास रोज–रोज के सवालों को सुनने वाला ही कोई नहीं है। आज बड़े–बड़े पुराने नेताओं तक को नहीं पता कि वे कुछ भी कहने के लिए किससे बात करें। तमाम नेता कहते हैं कि उन्हें कोई बात सोनिया या राहुल तक पहुंचाना होती है समझ नहीं पाते कि किस से कहें। जब बड़े नेताओं का यह हाल है तो हार्दिक जैसे नए नेताओं का दर्द समझा जा सकता है। मगर प्रशांत किशोर जैसे फ्रीलांसर सीध्ो–सीधे सोनिया को प्रजेन्टेशन दे आते हैं। इस आदमी में क्या खूबी है यह आज तक किसी की समझ में नहीं आया। फिल्म चले या पिट जाए यह सुपर–डुपर स्टार बना रहता है। वोटर की कौन सी नब्ज इसके हाथ में है जो दबाते ही वह इसके कहने से वोट देने लगती है और अगर नहीं भी देती तो भी इसका समर्थन करने वाला मीडिया यह साबित कर देता है कि वोटर में ही, राज्य में ही, या पार्टी में ही कोई गड़बड़ी थी, पीके तो कामयाब है। जाहिर है ऐसे चमत्कारी व्यक्ति पर कमजोर लोग ही ज्यादा भरोसा करते हैं। हम अपने आसपास रोज ही देखते हैं कि सफलता की गारंटी वाले ऐसे चमत्कारी बाबाओं के पास सामान्य लोगों से लेकर पढ़े–लिखे तक सब जाते हैं। सब तरफ से निराश लोगों के लिए उम्मीद का एकमात्र दवाखाना। कांग्रेस इस समय सबसे निराश पार्टी है। चमत्कार की तलाश में उसका भटकना हम भारतीयों की मनोदशा के अनुकूल ही है। मगर सच यह है कि चमत्कार होते नहीं हैं। करना पड़ते हैं। खुद अपने लिए। सामान्य निराश लोगों की बात छोड़ दीजिए मगर नेतृत्वकारी शक्तियां अपनी हिम्मत और लगातार प्रयासों से बाजी पलट कर चमत्कार करती हैं। अभी एक लोकसभा और चार विधानसभा चुनाव चार अलग–अलग राज्यों में हुए। सब अलग मि□ााज के राज्य थे। मगर सब जगह से एक ही जैसे रिजल्ट आए। भाजपा हार गई। अभी पिछले दिनों हिमाचल में ऐसे ही उपचुनाव में हार के बाद वहां के भाजपा मुख्यमंत्री ने कहा था कि महंगाई ने उन्हें हरा दिया। भाजपा ने उनकी काफी लानत मलामत की थी। उसके बाद भाजपा नेताओं ने महंगाई इशु ही नहीं है और मंहगाई के कारण और फायदे बताना शुरू कर दिए थे। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को बदलने की हवा बना दी गई। अब कोई हार का कारण महंगाई नहीं बता सकता। लेकिन जो सच है वह सच है। महंगाई अपना असर दिखा रही है। उसे कम करने की कोशिश नहीं हो रही बल्कि लोग उसे भूल जाएं इसलिए हिन्दू–मुसलमान की आग को और तेज किया जा रहा है। रामनवमी पर मध्यप्रदेश से जैसे शांत राज्य से लेकर, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल में जुलूस को लेकर माहौल आक्रामक बनाया गया। उसके बाद हनुमान जयंती पर दिल्ली के जहांगीरपुरी में। धार्मिक जुलूस हमेशा निकलते रहे हैं। हिन्दू–मुसलमान सब शामिल होते हैं। कभी कोई विवाद होता ही नहीं था। न उसमें डीजे पर भड़काऊ गाने होते थे। न उसमें तलवारें लहराई जाती थीं। न कभी पत्थरबाजी होती थी। मगर अब राम की यात्रा का उपयोग भी विवाद के लिए किया जा रहा है जिनके नाम पर अयोध्या में मंदिर का



## बस–बोलेरो की टक्कर के बाद धमाके से सहम गए लोग

देवरिया। सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत परिवहन विभाग के जागरूकता वाहन को कलेक्ट्रेट से डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन अब 24 अप्रैल तक शहर से लेकर गांव तक जाएगा और लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करेगा। डीएम ने कहा कि सभी नागरिक यातायात नियमों का पालन करें। जिदगी अनमोल है। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन न करने से कोई अप्रिय घटना हो सकती है, जीवन संकट में आ सकता है। उन्होंने कहा कि सभी बाइक सवार हेलमेट का प्रयोग आवश्यक करें। नशा करके वाहन न चलाएं और ओवर स्पीड व ओवरलोडिग से बचे। चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का भी अवश्य प्रयोग करें। जागरूकता से ही आपके व दूसरे के परिवार की खुशियां सुरक्षित रह सकती हैं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज, एआरटीओ राजीव चतुर्वेदी, जीआइसी प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## तय समय पर पूर्ण हों परियोजनाएंः डीएम

देवरिया। विकास भवन के गांधी सभागार में विकास कार्यों की जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान समाज कल्याण विभाग की पेंशन योजनाओं के तहत हो रहे आधार सत्यापन अत्यंत धीमा होने पर गहरी नाराजगी जाहिर की। साथ ही समाज कल्याण अधिकारी का वेतन रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पेंशन योजनाएं शासन की शीर्ष प्राथमिकता की योजनाएं हैं। यदि लोगों की पेंशन आधार सत्यापन न होने की वजह से बाधित हुई तो जवाबदेही तय की जाएगी। एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष आग लगने से 859 किसानों की 88 हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसल जल गई है। साथ ही आठ पशुओं की हानि भी हुई है। जिलाधिकारी ने गेहूं खरीद में कम पंजीकरण और कम सत्यापन पर असंतोष जताया। अभी तक जनपद में गेहूं की खरीद के लिए 4662 किसानों ने ही केवल पंजीकरण कराया है। जिसमें से 2922 का ही सत्यापन किया गया है। अधिशासी अभियंता जल निगम प्रदीप चौरसिया ने कुर्ना नाला जल निकासी परियोजना से जुड़ी भूमि अधिग्रहण की समस्या बताई। जिस पर डीएम ने सदर एसडीएम से समस्या का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, सीएमओ डा.आलोक पांडेय, एएसडीएम अरुण कुमार, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, बीएसए संतोष कुमार राय, डीपीओ कृष्णकांत राय, डीएसओ विनय कुमार, डीपीआरओ अविनाश कुमार मौजूद रहे।

## अनुपस्थित मिलने पर एक कर्मचारी का रोका वेतन, दो को नोटिस

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित मिलने पर एक कर्मचारी का वेतन बाधित करने व दो को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। डीएम के सख्त रवैये को देख कर्मचारियों में खलबली मची रही। सवा दस बजे जिलाधिकारी विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करना शुरू किए। बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर अभिषेक कुमार का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। विलंब से आने पर राहुल श्रीवास्तव को नोटिस दी गई। उपस्थिति पंजिका में फ्लूट का प्रयोग होने पर प्रशासनिक अधिकारी से भी डीएम ने स्पष्टीकरण तलब किया है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कैलाश भारती कार्यालय से गायब मिले। जिनसे भी डीएम ने स्पष्टीकरण तलब किया है। कलेक्ट्रेट परिसर में साफ–सफाई, रंगाई–पुताई को लेकर नाजिर को दिशा–निर्देश दिया। कहा कि कार्यालयों में तैनात कर्मचारियों के पटल पर नेम प्लेट लगाया जाएगा। नेम प्लेट होने से जनता को सहूलियत होती है। वह बिना किसी असुविधा के संबंधित कार्यालय पहुंच जाता है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा कार्यालय के निरीक्षण में फील्ड मूवमेंट रजिस्टर नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज, एएसडीएम अरुण कुमार, राजीव कुमार मौजूद रहे।

## दीवार निर्माण कराने पर दो भाइयों में विवाद, एक की मृत्यु

घुघली। थाना क्षेत्र के बिरैचा में दीवार चलाने को लेकर दो सगे भाइयों के बीच विवाद के दौरान अचेत हुए एक भाई की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। स्वजन का आरोप है कि विवाद के दौरान एक पक्ष द्वारा गला दबाने से अचेत हुए थे, इससे उनकी हालत गंभीर हो गई थी। दोपहर लगभग दो बजे सेमरहना टोला निवासी फैय्याद दीवार चलवा रहे थे। इस पर छोटे भाई सैरुद्दीन ने आपत्ति जताई तो दोनों में विवाद होने लगा। स्वजन का कहना है कि विवाद के दौरान फैय्याद, सैरुद्दीन का गला दबाने लगे, जिससे सैरुद्दीन अचेत हो कर जमीन पर गिर गए। आनन–फानन स्वजन सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

मंगलपुर। श्यामदेउरवां थानाक्षेत्र के गांव से दो वर्ष पूर्व गायब किशोरी को पुलिस ने बरामद कर उसके स्वजन को सौंप दिया। किशोरी के स्वजन ने क्षेत्र के एक युवक पर उसे बहला–फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। उप निरीक्षक सुरेन्द्र राम ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है। दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तारः मंगलपुर। श्यामदेउरवा थाने की पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपित अजय निषाद को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने बताया कि आरोपित का चालान कर दिया गया है। दो वारंटी गिरफ्तारः महराजगंज। सोनौली थाने की पुलिस ने ..दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। आरोपितों में सोनौली के हनुमानगढिघ्या निवासी राजकुमार और जगरनाथपुर के टिर्रे का नाम शामिल हैं।

## जीडी से ड्यूटी लगाने और वर्दी की मांग

महराजगज। ग्राम प्रहरी संघ के बैनर तले जिला मुख्यालय पर चौकीदारों ने विभिन्न मांगों को लेकर बैठक की। इसमें चौकीदारों की ड्यूटी जीडी से लगाने की मांग की गई। शासन से चौकीदारों ने वर्दी, जूता, नेम प्लेट आदि मुहैया कराने के साथ–साथ वेतनवृद्धि की मांग के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप कार्रवाई की मांग की। बैठक की अध्यक्षता करते संघ के जिलाध्यक्ष बाले खां ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ही अपने पहले कार्यकाल में चौकीदारों का नामकरण ग्राम प्रहरी के रूप में किया था। इस महंगाई में मात्र 25 सौ रुपया वेतन मिल रहा है। इससे चौकीदार कष्टदायी जीवन बिता रहे हैं। चौकीदारों ने मुख्यमंत्री से मांग की है, कि उनका 18 हजार 500 रुपये वेतन किया जाए, ग्राम प्रहरियों को थानों पर प्रतिदिन जीडी द्वारा ड्यूटी लगाई जाए। साथ ही साथ वर्दी, पैंट, शर्ट, लाल टोपी, जूता, मोजा, नेम प्लेट आदि दिलाया जाए, ताकि ग्राम प्रहरी जनता की नजर में पुलिस के अंग के रूप में देखे जा सकें। बैठक में ग्राम प्रहरी संघ के प्रदेश महामंत्री शिव कुमार कन्नौजिया, इन्द्रजीत जिला महामंत्री, अशफाक अहमद, लाल बहादुर, प्रवीण, पूनम, नूरजहां, शोभा, रामनाथ शर्मा, रामप्यारे, शिवराज आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# चोरी की घटना का पर्दाफाश, चार आरोपित गिरफ्तार

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बरारी प्रथम गांव में चीनी मिल के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक के घर से 31 मार्च की रात हुई आभूषण सहित लाखों रुपये से अधिक की चोरी की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। इस मामले में पुलिस मुठभेड़ के दौरान चार आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से 23 लाख रुपये के आभूषण व असलहा बरामद किया गया है। पुलिस लाइन्स के प्रेक्षागृह में घटना का पर्दाफाश करते हुए एसपी डा. श्रीपति मिश्र ने पत्रकारों को बताया कि घटना में शामिल आर आरोपितों को मुठभेड़ के बाद असलहे के साथ गिरफ्तार किया गया और उनके पास से एसओजी व थाना गौरीबाजार पुलिस ने चोरी के लगभग 23 लाख रुपये के जेवरात व 1,73,639 रुपये नकद बरामद किया है।

31 मार्च की रात अजय कुमार त्रिपाठी पुत्र वशिष्ठ मणि त्रिपाठी के घर में घुस कर चोर डेढ़ करोड़ से अधिक के आभूषण व नगदी चुरा ले गए थे। अजय की तहरीर पर गौरीबाजार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। घटना के पर्दाफाश में गौरीबाजार पुलिस व एसओजी जुटी थी।

बताया कि मुखबिर की सूचना के बाद अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय विनय यादव के नेतृत्व में प्रभारी एसओजी अनिल कुमार यादव व व उप निरीक्षक दीपक कुमार थाना गौरीबाजार गुरुचघाट के पास पीपल के पेड के नीचे से चार आरोपितों राजाराम चौहान पुत्र राममनोहर चौहान,विसवा खुर्द, थाना तम्बौर जनपद सीतापुर, सोनेलाल उर्फ सोनू चौहान पुत्र रामजीवन कुटी सुपौली थाना लहरपुर जनपद सीतापुर, सुखबीर कुमार उर्फ हया चौहान पुत्र राधे लाल, खपुरा थाना लहरपुर जनपद सीतापुर, सुनील कुमार पुत्र स्व. नेतराम, खपुरा थाना लहरपुर जनपद सीतापुर को पुलिस मुठभेड़ में गुरुचघाट से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की पूछताछ आरोपितों ने बताया कि वह गांव–गांव घूमकर फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का काम करते हैं। कस्बा बैतालपुर के बगल के ग्राम बरारी में फेरी लगाकर एक अच्छे घर को देखकर चिह्नित कर लिए थे। योजना के मुताबिक गांव के बाहर जाकर रुक गये। जब गांव के लोग खा–पीकर सो गये तो हम लोग में से बाबूराम चौहान, राजाराम चौहान, सोनेलाल व सुनील कुमार छत के रास्ते घर के अन्दर गए तथा सुखबीर कुमार व विनय कुमार चौहान गांव के बाहर थोड़ी दूर पर खड़े होकर गांव के लोगों की निगरानी कर रहे थे। चोरी करने के बाद जेवर के डिब्बों को वही थोड़ी दूर पर फेंक दिया गया। सोनेलाल चौहान ने बताया कि मैं तथा बाबूराम चौहान व विनय कुमार चौहान, चोरी करने के बाद कुछ जेवरों को लेकर अपने गृह जनपद सीतापुर चले गये थे तथा पुलिस को शक न हो इसके लिए व चोरी के जेवरों की देखभाल के लिए सुनील कुमार, सुखबीर कुमार व राजाराम चौहान यही पर रुक गये थे। चोरी के शेष जेवरात बाबूराम चौहान व विनय कुमार चौहान के पास है। एसपी ने घटना का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को 10 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की।

## अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु :राजन महाराज

देवरिया। गड़ेर क्षेत्र के बारीपुर हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा का रसपान कराते हुए राजन महाराज ने कहा कि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। मनुष्य के अंदर अहंकार रहेगा तो उसके सोचने व समझने की शक्ति क्षीण हो जाएगी। अहंकार के चलते ही त्रिलोक विजेता रावण का अंत हुआ। इसलिए मनुष्य को अहंकार नहीं करना चाहिए। प्रभु की भक्ति ही मुक्ति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि मनुष्य सिर्फ एक माध्यम है। यदि वह किसी के काम आए तो उसे समझना चाहिए कि ईश्वर ने उसे मदद के लिए भेजा है। मदद के दौरान थोड़ा सा भी अहंकार पुण्य हरने वाला होता है। गोवर्धन पूजा कर इंद्र देवता को भी अहंकार हो गया था, भगवान श्रीकृष्ण ने पूरा गोवर्धन पर्वत को एक अंगुली पर उठाकर इंद्र देवता का अहंकार चूर–चूर कर दिया। अहंकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता यह धन संपदा क्षण भंगूर होती है इसलिए जीवन में परोपकार करे सही मार्ग पर चलने के लिए आदत डाले, अहंकार से मुक्त होने पर ही मनुष्य पर ईश्वर की कृपा होती है। कहा कि जिस घर में रामचरित मानस की पुस्तक मौजूद है वहां आनंद और हर्ष सदैव बरसता रहता है आगे कहा कि कि चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष में धर्म का स्थान सबसे पहले आता है धर्म व नीति पूर्वक जो धन घर में आता है वह शान्ति लाता है। धन पांच साधनों से मिलता है पहला माता– पिता का आशीर्वाद, दूसरा गुरुकृपा, तीसरा कर्म, चौथा भाग्य से व पांचवा प्रभु कृपा से प्राप्त होता है। जिसका नाम लेने मात्र से ही लोग भव सागर से पार उतर जाते हैं उस मर्यादा पुरुषोत्तम राम व माता जानकी के वनगमन के समय केवट ने बिना पांव धोएं नाव पर चढ़ाने से इंकार कर दिया। उसका बड़ा मार्मिक तर्क भी दिया। राम ने केवट की भक्ति पूर्ण जिद पूरी की जिसके बाद केवट ने तारणहार को पार उतार दिया। भरत चरित्र का प्रसंग सुनकर दर्शक भाव विभोर हो गए। जय श्रीराम के जयघोष से पांडाल गूंज उठा। इस अवसर पर मंदिर के महंत शिव चरण दास, उत्तराधिकारी गोपाल दास, सांसद रविन्द्र कुशवाहा, संतोष उपाध्याय, चन्द्रभूषण शाही, हरिश्चन्द्र मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रधान पति से विवाद में 14 लोगों पर मुकदमा

नौतनवा। थाना क्षेत्र के लोहसी गांव में भूमि पर पिलर लगाकर कब्जा करने के मामले में प्रधान पति से हुए विवाद में पुलिस ने छह नामजद व 14 अज्ञात पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुरैनिहा के राजस्व गांव लोहसी के ग्राम प्रधान पति विनय मिश्रा ने एसडीएम रामसजीवन मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया था कि गांव के कुछ लोग उनकी भूमि पर पिलर लगाकर अवैध रूप से कब्जा कर रहे थे। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचकर विरोध किए तो आरोपित गाली–गलौज पर उतर आए और मारने–पीटने लगे। प्रधानपति के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर प्रधान संघ व ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया था। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि विनय मिश्रा की तहरीर आरोपित गिरीश यादव, सुधाकर यादव, आदित्य यादव, सुमित यादव, छोटू यादव व जवाहिर यादव निवासी ग्राम लोहसी थाना नौतनवा तथा 14 अज्ञात के खिलाफ गोलबंद होकर मारपीट करना व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## दो सड़क दुर्घटनाओं में एक की मृत्यु, चार घायल

महराजगंज। रात पनियरा व कोठीभार थाना क्षेत्र में हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि चार लोगों की हालत गंभीर है। सिसवा बाजार संवाददाता के अनुसार चरगहा निवासी संजीव पाल सिसवा से चरगहा अपने गांव को जा रहा था। उधर दूसरी तरफ से शितलापुर निवासी विकास यादव बाइक लेकर आ रहा था। दोनों को घायलावस्था में पुलिस ने इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसवा भेजा जहां चिकित्सकों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। वहीं संजीव का इलाज चल रहा है। गांगी बाजार संवाददाता के अनुसार पनियरा थाना क्षेत्र के नरकटहां के पास रात आठ बजे आमने–सामने की बाइक भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें से एक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा तो दो को मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है। ग्राम सभा डोमरा निवासी लालमोहन व सोनू रात किसी कार्य से गांगी जा रहे थे। अभी वह नरकटहां गांव के पास पहुंचे ही थे, कि तभी गांगी की तरफ से आ रहे नरकटहा निवासी रामप्रसाद की गाड़ी सामने से आ लड़ी। दोनों की आमने–सामने की टक्कर में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें सोनू और लालमोहन को चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया है।

## सड़क दुघर्टना में वृद्ध की मृत्यु

श्यामदेउवा। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के गोरखपुर–महराजगंज मार्ग पर स्थित पिपरपाती चौराहे पर अज्ञात वाहन की ठोकर से वृद्ध की मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले कार्रवाई में जुट गई है। सुबह सात बजे रामसुधारे निवासी बड़हरा बरईपार टोला परसहिया मजदूरी करने गोरखपुर जा रहे थे। सड़क पार करते समय सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता ने बताया की शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सदानन्द वर्मा का सफाई कर्मचारी संघ ने किया स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश
लोटन/सिद्धार्थनगर। विकास खंड लोटन में सदर विकास खंड नौगढ़ से आए सहायक विकास अधिकारी सदानन्द वर्मा का स्वागत किया गया। सहायक विकास अधिकारी सदानंद वर्मा इससे पहले सदर विकास खंड नौगढ़ में अपनी सेवा दे चुके हैं। ब्लॉक अध्यक्ष योगेन्द्र भारती के अनुसार हमारे ब्लॉक में सहायक विकास अधिकारी आए उनका हम सफाई कर्मचारी संघ उनका स्वागत करते हैं। इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री गुलाब चन्द ब्लॉक कोषाध्यक्ष उमाशंकर यादव जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव जिला कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार मिश्र, रोहित प्रसाद, मुन्नीलाल, रामबरन, ऋषिकेश पटेल, महेंद्र कुमार राकेश कुमार मिश्र आदि सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।



## 756 प्राथमिक विद्यालयों व पंचायत भवनों में भाजपाइयों ने की सफाई

देवरिया। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक न्याय पखवाड़ा के तहत किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद के 756 प्राथमिक विद्यालयों (प्रावि) व पंचायत भवनों में साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालयों में बच्चों व लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। शहर के राघव नगर स्थित विद्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने किसा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ झाड़े लगाया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता एक दिन का, एक पखवाड़ा का नहीं, स्वच्छता हर दिन का कार्य है। हर साल पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाला महाभियान है। स्वच्छता जीवन शैली है। स्वच्छता जीवन मंत्र है। इसे अपने रोज के जीवन में सभी को उतारने की जरुरत है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन की धरोहर है। हम स्वच्छ रहेंगे तभी स्वस्थ रहेंगे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान चंद मिश्र, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र, अंबिकेश पारंडेय, आशीष गुप्ता, रीतेश शर्मा, नसीम मंसूरी, मयंक उपाध्याय मौजूद रहे। उधर प्राथमिक विद्यालय औराचौरी में क्षेत्रीय महामंत्री व जिला प्रभारी सुनील गुप्ता ने भी कार्यकर्ताओं के साथ सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के स्वच्छता के प्रति कार्यो से देश और प्रदेश के स्वच्छता परिवेश में बदलाव ला रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत सरकार द्वारा बड़ी संख्या में सामुदायिक शौचालय और शौचालय का निर्माण कराया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं के लिये पिक टायलेट का निर्माण भी कराया जा रहा है। सिरजम प्राथमिक विद्यालय, खोरमा कंहौली में भाजपा जिलाध्यक्ष डा.अंतर्यामी सिंह, नकईल में रमेश सिंह, तरकुलवा में ब्लाक प्रमुख रामाशीष गुप्ता, बावन पाली में भृगुनाथ सिंह, भाटपाररानी में राजकुमार शाही, पोखरभिडा में त्रिलोकी नाथ त्रिपाठी, जरार मानिक में छट्ठू यादव समेत अन्य जगहों पर भी सफाई अभियान चलाया गया।

## बिहार बार्डर पर 100 एकड़ भूमि की तलाश, खुलेंगे शापिग माल व कालेज

देवरिया। प्रदेश सरकार लोगों की सुविधा के लिए बिहार बार्डर पर शापिग माल, कालेज व अस्पताल आदि बनवाने पर विचार कर रही है। इसके लिए बार्डर क्षेत्र के अंतरराज्यीय मार्ग पर करीब 100 एकड़ भूमि तलाशी जा रही है। भूमि मिलने पर योजना परवान चढ़ेगी। प्रदेश सरकार अंतरराज्यीय सीमा पर बड़े क्षेत्र को व्यापारिक नजरिए से विकसित करने पर विचार कर रही है। जहां, शापिग माल, कालेज, अस्पताल, अनाज मंडी आदि की सुविधा आम लोगों को उपलब्ध कराई जा सके। इसके लिए लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड की तरफ से सलेमपुर–तमकुहीराज (सलेमपुर–भाटपाररानी–भिगारी–तमकुहीराज) मार्ग व सलेमपुर–मझौलीराज–मैरवा मार्ग को शासन को भेजा गया था। दोनों अंतरराज्यीय सड़कें हैं, जो यूपी को बिहार से जोड़ रही हैं। शासन की तरफ से सलेमपुर–तमकुहीराज मार्ग का चयन किया गया है, जिसके किनारे बिहार बार्डर पर 100 एकड़ भूमि चिह्नित कर उस पर व्यापारिक केंद्र व अन्य सुविधाओं का विकास किया जा सकेगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बार्डर के कस्बे भिगारी बाजार में भूमि की तलाश कर रहे हैं। इसके लिए सर्वे कार्य चल रहा है।शासन की मंशा है कि व्यापारिक क्षेत्र विकसित होने से लोगों का जीवनस्तर ऊपर उठेगा, उनको अच्छी सहूलियत हासिल होगी। यह भूमि सीमा क्षेत्र में बनी सड़क की स्थिति देखते हुए तलाश की जा रही है। जिससे वहां तक पहुंचने में आसानी हो सके। बार्डर क्षेत्र में एक ही जगह सभी सहूलियत उपलब्ध कराने की योजना है। इसके लिए अंतरराज्यीय सड़कों का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था, जिसमें सलेमपुर–तमकुहीराज मार्ग का चयन किया गया है। बिहार सीमा पर स्थित भिगारी कस्बे के पास 100 एकड़ भूमि की तलाश की जा रही है।

## इंटरलाकिग सड़क टूटी, गंदगी की भरमार

आनंदनगर। स्वच्छता अभियान के तहत नगर व गांवों को स्वच्छ बनाकर देश की तस्वीर संवारने की योजना है, लेकिन आनंदनगर के वार्ड नंबर नौ शास्त्री नगर वार्ड की स्थिति काफी बदतर है। वार्ड में इंटरलाकिग सड़क व नाली टूट गई है। सफाई व्यवस्था भी बेपटरी है। वार्ड की सड़कें गंदगी से पटी हैं। नालियों पर घास उगी हैं। जगह–जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है। सफाईकर्मी आते हैं और कोरम पूरा कर चले जाते हैं। सड़कों पर पड़े कचरे से उठते दुर्गंध से नागरिकों की दुश्वारी बढ़ गई है। बजबजाती नालियां मच्छरों के प्रजनन में सहायक साबित हो रही हैं। नागरिक इस दुर्व्यवस्था के लिए नगर प्रशासन को कोस रहे हैं। वार्डवासियों ने कहा कि कभी कभार सफाई कर्मी आते हैं और कोरम पूरा कर चले जाते हैं। मच्छरों रोधी दवा का भी अभी तक छिड़काव नहीं हुआ है। बृजबिहारी का कहना है कि वार्ड की इंटरलॉकिग जगह–जगह टूटी हुई है। नालियों पर झाड़ियां हुई हुई है, रात में रास्ते से गुजरने पर डर लगता है, कहीं जहरीले कीड़े न काट लें। प्रियांशु सिंह ने कहा कि गंदगी से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। मच्छररोधी दवा का छिड़काव भी नहीं होता है। अधिशासी अधिकारी अवध प्रकाश सिंह ने कहा कि नियमित सफाई होती है। शीघ्र मच्छररोधी दवा का छिड़काव करा दिया जाएगा और वार्ड में जो भी कमियां होगी उसे दूर किया जाएगा।

## पाइप टूटने से पूरे दिन बाधित रही 17 वार्डों में जलापूर्ति

महराजगंज। महराजगंज शहर के फरेंदा रोड स्थित कोतवाली के सामने और एसबीआइ के पास नगर पालिका की पानी की पाइप लाइन टूट गई। इससे 17 वार्डों की जलापूर्ति बाधित हो गई। एसबीआइ के करीब टूटी पाइपलाइन से फैले पानी से आवागमन में लोगों को काफी समस्याएं हुईं। देर शाम तक नगर पालिका के जलकल कर्मचारियों के ठीक करने के बाद आपूर्ति बहाल हुई। नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णगोपाल जायसवाल ने बताया कि टूटी पानी पाइप लाइन को ठीक करने के लिए तुरंत जलकल यूनिट को लगा दिया गया था। पाइप लाइन की मरम्मत के बाद आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

## स्वास्थ्य मेले में 456 लोगों ने कराया पंजीकरण

महराजगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर पर ब्लाक स्तरीय मेले का शुभारंभ हुआ। सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य मेले में विभिन्न योजनाओं और इलाज के लिए कुल 456 लोगों ने पंजीकरण कराया। सदर विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा लोगों के स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी के तहत स्वास्थ्य मेले का आयोजन कर जन–जन को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए थे, जिसमें कोविड हेल्प डेस्क, कोविड टीकाकरण, बाल एवं मातृत्व टीकाकरण, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सा , राजकीय होम्योपैथिक, योग, आयुष्मान विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग, शिक्षा, ड्रग,फूड एवं सप्लाई विभाग द्वारा स्टाल शामिल थे। स्वास्थ्य मेले मे कुल 456 लोगों का पंजीकरण हुआ। जिनमें 271 महिला और 185 पुरुष थे। मेले में आयुष्मान के 11 कार्ड, 25 बच्चों को कोविड टीकाकरण का प्रमाणपत्र दिया गया। विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, सीएमओ डा. अशोक कुमार श्रीवास्तव, एसीएमओ डा.राकेश कुमार, सीएचसी अधीक्षक डा. केपी सिंह, एसवी सिंह, नीरज सिंह, सूर्य प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले में दी गयी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी

## .दुद्धी विधायक ने फीता काटकर किया स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। म्योरपुर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्थानीय म्योरपुर स्थित बिड़ला विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुद्धी विधायक रामदुलार गोंड़ ने फीता काटकर व द्वीप प्रज्वल्लित करके किया। म्योरपुर में आयोजित स्वास्थ्य मेले में विधायक रामदुलार गोंड़ ने लोगो से अपील किया कि वे स्वास्थ्य मेले में सम्मिलित होकर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाएं। ब्लॉक प्रमुख म्योरपुर मानसिंह गोड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबो के हित मे कई स्वास्थ्य योजनाएं चला रही है और इन योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल भी रहा



है। समय समय पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य विभाग के सहयोगी विभाग डिपार्टमेंट ऑफ फूड सेफ्टी, युवा कार्यक्रम एवम खेल विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, संस्कृति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विकलांग कल्याण विभाग द्वारा स्टाल लगाए गए थे। सभी विभाग से आये अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने अपने विभाग की विकास योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दिया। अध ीक्षक डॉ राजीव रंजन ने चिकित्सा एवम स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिलने वाली सुविधाओं के बारे ने विस्तार से जानकारी दिया।स्वास्थ्य मेले में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई और दवाइयां भी बांटी गई। इस दौरान खण्ड शिक्षाधि ाकारी सुरेंद्र प्रताप सहाय, डॉ शिशिर श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत रविदत्त मिश्र, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पन्नालाल जायसवाल, सोनाबच्चा अग्रहरी, जिला महामंत्री जीतसिंह खरवार, एडीओ पंचायत रविदत्त मिश्र, मंडल अध्यक्ष मोहरलाल खरवार, गौरीशंकर सिंह, बबई सिंह मरकाम, सुजीत सिंह, अमरकेश सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि म्योरपुर गणेश जायसवाल, अपर शोध अधिकारी उमाशंकर पांडेय, डॉ लालजी राम, बीसीपीएम प्रवीण कुमार, फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार, त्रिभुवन सिंह, सुनील कुमार, सुधीर कुमार, रजनीश श्रीवास्तव, दीपक अग्रहरी, अमित रावत, शशांक अग्रहरी सहित आशा बहने उपस्थित रहीं।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण से मचा हड़कंप

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें कुछ विद्यालय में ताला बंद था तो कही शिक्षक शिक्षिकाये नदारद रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज मंगलवार को सुबह बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिबंश राय द्वारा विकास खण्ड राबर्ट्सगंज व विकास खण्ड करमा के प्राथमिक विद्यालय बगही, महुलियां, कठपुरवा, गौरी, जोकाही, एलाही तथा कम्पोजिट विद्यालय करकोली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय बगही विकास खण्ड राबर्ट्सगंज प्रातः 8.12 बजे बन्द पाया गया। जिसके क्रम में बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय बगही पर कार्यरत प्रभारी प्रध ाानाध्यापिका रेनू राय, सहायक अध्यापिका करिश्मा कुशवाहा का



अपने दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही बरतने के क्रम में इनका वेतन अग्रिम आदेश तक अवरूद्ध किया गया तथा विद्यालय पर कार्यरत शिक्षामित्र मीनू चौहान व संजू देवी का वर्तमान माह का मानदेय अवरूद्ध किया गया। इसी प्रकार कम्पोजिट विद्यालय करकोली के शिक्षामित्र सर्वेश मिश्रा के विद्यालय से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये जाने के क्रम में वर्तमान माह का मानदेय अवरूद्ध किया गया। विद्यालय निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय जोकाही व कम्पोजिट विद्यालय करकोली में फर्श व बाउण्ड्रीवाल टूटा होने व कायाकल्प का कार्य न होने के क्रम में सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम प्रधानध् ए0डी0ओ0 पंचायत से समन्वय स्थापित कर विद्यालय में कायाकल्प का कार्य कराये। साथ ही सभी विद्यालयों के शिक्षकोध्शिक्षामित्रध् अनुदेशको को निर्देशित किया गया कि विद्यालय का संचालन व विद्यालय पर अपनी उपस्थिति समय से सुनिश्चित करने के साथ–साथ अभिभावको से सम्पर्क कर विद्यालयों में अधिक से अधिक छात्रों का नामांकन प्रक्रिया शुरू करें अन्यथा के स्थिति में कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# ट्रासफार्मर खराब बिजली गायब, पेय जल संकट

### ग्राम सभा धौरहरा में पेय जल संकट

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। करमा ब्लाक धौरहरा गाँव में पेय जल



संकट ट्रांसफार्मर लगभग 10 दिन से खराब बिजली न रहने से समर सेबल नही चल पा रहे हैं लगभग सारे हैण्ड पंम्प में समर सेबल लगे हैं गाव की महिलाओं ने ब्लाक पर बीडीओ से मिल समस्या से अवगत कराया महिलाओं ने बताया कि टैंकर की भी ब्यवस्था ग्राम सभा में नही है पेय जल की दिक्कत है भीषण गर्मी भी है मुन्नी, कृष्णावती, चन्द्रावती माल्ती, शुशीला रीना, रेनू गुलाबी आदि महिलाएं उपस्थित रही सम्बंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है वही ग्राम प्रधान रामानंद मौर्य ने बताया कि जल्द ही ट्रांसफार्मर की ब्यवस्था कराकर बिजली व पानी की समस्या का समाधान किया जायेगा।

# महिला स्वावलम्बन कैम्प का आयोजन कर महिलाओं को किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र। महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में जनपद सोनभद्र के घोरावल ब्लाक के बालडीह ग्राम पंचायत में मिशन शक्ति फेज 4 के तहत महिला स्वावलम्बन कैम्प का आयोजन कर जागरूक किया गया।व त्वरित लाभ पहुंचाने की श्रेणी में बारह फार्म मौके पर ही भरा गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बालडीह के बच्चों के द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढाओं, कन्या भ्रूण हत्या से जुड़े कई रंगारंग कार्यक्रम पेश किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि



जन्म से लेकर बारहवीं तक के बच्चियों के पढाई लिखाई के लिए सरकार के द्वारा पन्द्रह हजार रुपये का अनुदान राशि कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत दिया जा रहा है। वही घोरावल ब्लाक की नोडल अधिकारी साधना मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री बालसेवा सामान्य व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड 19 के बारे में व वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन के बारे में विस्तार से बताया। वही क्षेत्रीय एस आई नरेन्द्र राय के द्वारा डायल 112 नम्बर व 1076 के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को जागरूक किया गया। वही जिलाविधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के तरफ से पी0 एल0 वी0 मनोज कुमार दीक्षित ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा महिला हित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर ग्राम प्रधान कमलेश यादव, सहज जनसेवा केंद्र प्रभारी प्रशांत कुमार पाठक, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, रेखा देवी, सुनीता देवी, संजू मौर्या, सहित आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अमवार में सीओ दुद्धी ने पुलिस व पीएसी बल के साथ की सघन काम्बिंग

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी आशीष मिश्रा के नेतृत्व में



पुलिस व पीएसी बल द्वारा थाना दुद्धी क्षेत्रान्तर्गत अमवार में सघन काम्बिंग की गई। सीओ दुद्धी आशीष मिश्रा के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल एवं पी0ए0सी0 बल के साथ सघन काम्बिंग करते हुए समूचे जंगल को खंगाला। इस दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर संदिग्ध व नक्सली गतिविधि की टोह ली और कहा कि किसी भी अजनबी को गांव में शरण ना दे अगर कोई भी संदिग्ध दिखता है या किसी प्रकार का प्रलोभन देते है तो इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को अवगत कराने लिए बताया गया।

# जेसीबी से गढ्ढा खुदाई के दौरान विद्युत केबल हुआ क्षतिग्रस्त

### लगभग 15 गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित

दैनिक बुद्ध का संदेश

दुद्धी/सोनभद्र। कोतवाली क्षेत्र के खजुरी गांव के स्थित रेलवे गेट के पास विद्युत विभाग के अंडरग्राउंड केबल को रेलवे दोहरीकरण कार्य मे लगें जेसीबी से गढ्ढा खुदाई के दौरान आज सुबह विद्युत विभाग का अंडरग्राउंड केबल



क्षतिग्रस्त हो गया। इस भीषण गर्मी में केबल के क्षतिग्रस्त होने से तकरीबन 15 गांव, खजूरी, जाबर, पिपराडीह, महुली, पोलवा, फुलवार, जोरूखाड, सहित अन्य कई गांवों की बिजली आपूर्ति सुबह से ही प्रभावित हो गई है। वही केबल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना तुरंत विद्युत विभाग को दी गई लेकिन शाम 4 बजे तक केबल का मरम्मत कार्य नही हो सका था। मौजूद विद्युत संविदा कर्मी ने बताया कि रेलवे दोहरीकरण कार्य के कारण यह केबल क्षतिग्रस्त हो गया है अगर हमलोग मरम्मत कार्य मे लगेंगे तो रात तक बिजली आपूर्ति बहाल किए जाने की संभावना है।

# सरस्वती शिशु मंदिर ककरी की छात्रा आज्ञा को निबन्ध प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विद्या भारती संस्कृ ति शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय छात्र निबंध प्रतियोगिता सत्र 2021–22 का शिशु वर्ग का प्रथम पुरस्कार सरस्वती शिशु मंदिर ककरी परियोजना सोनभद्र की छात्रा आज्ञा उपाध्याय को प्राप्त हुआ है। इसमें कुल 500रू का सद् साहित्य एवं सर्वोच्च स्थान का प्रमाण पत्र बहन को प्राप्त हुआ है। निबंध का विषय था (ब्रह्म मुहूर्त का महत्व) पहले विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम पांच भैया बहनों का चयन हुआ इस प्रकार से प्रदेश में भी पांच भैया बहनों का



नाम चयन हुआ उसके बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र मे 52 जिले आते हैं उसमें प्रथम स्थान पाए भैया बहनों का चयन किया गया जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर ककरी सोनभद्र की बहन आज्ञा उपाध्याय ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार बहुत आह्लादित और गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार उपाध् याय ने बताया की यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष विद्या भारती संस्कृति ज्ञान शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित होती है और इसमें अपने विद्यालय के बहन का पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में प्रथम स्थान आना बड़े ही गौरव की बात है। हमें अपने विद्यालय के आचार्य और शिशुओं पर गर्व है। विद्यालय के व्यवस्थापक राजेंद्र प्रसाद गुप्त ने इस अवसर पर बहन आज्ञा उपाध्याय एवं सभी आचार्यों को बहुत–बहुत बधाइयां प्रदान दी है।

## नायब तहसीलदार से तहसीलदार पद पर हुआ प्रमोशन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला तहसील पर स्थित उपनिबन्धन कार्यालय के पूर्व उपनिबंधक अवध ेश मिश्रा की धर्मपत्नी 2015 बैच की पी सी एस खजनी में नायब तहसीलदार रह चुकी प्राची त्रिपाठी का प्रोन्नति नायब तहसीलदार लखनऊ से तहसीलदार बाराबंकी जनपद में हुआ है। बताते चले कि जनपद संतकबीर नगर के मेहदावल तहसील क्षेत्र स्थित गाँव रमवापुर मिश्र के निवासी सब रजिस्ट्रार अवध ेश मिश्रा की धर्मपत्नी प्राची त्रिपाठी है। प्राची त्रिपाठी के तहसीलदार पद पर प्रोन्नति होने से क्षेत्र व जनपद वासियो में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है।



## आंगनवाड़ी महिलाओं को किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। रेनू सागर आगनवाड़ी कर्मी को अपने कार्य के प्रति



निष्ठा व त्याग देव लोगों के प्रति लगाओ को देखते हुए महिला भाजपा नेत्री सुमन सिंह ने उन्हें सम्मानित कर उत्साह बढ़ाया सुमन सिंह ने बताया महिला आंगनवाड़ी गांव गांव में जाकर महिलाओं को सरकार की योजना के बारे में जानकारी देते हुए जागृत करने का काम किया साथी उनके कार्य के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें पुष्प व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया मंगलवार को पिंकी सिंह मनोरमा सिंह नेत्री को सम्मानित किया गया इस अवसर पर भाजपा महिला संगठन के इकाई अध्यक्ष सुमन सिंह के अलावा दर्जनों महिला उपस्थित रही।

# पिपराईच थाने पर हुई पीस कमेटी की बैठक

## .शांति व्यवस्ता बनाए रखने की गई लोगो से अपील



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। आगामी त्योहार ईद और अक्षय तृतीया को लेकर पिपराइच थाने पर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी पीस कमेटी बैठक कमेटी के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिससे ईद उल फितर व अक्षय तृतीया सकुशल संपन्न हो सके। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी पिपराइच थाने पर पीस कमेटी के सदस्यों से कहा कि ईद उल फितर व अक्षय तृतीया एक ही दिन पड़ रहे हैं, जिस कारण पुलिस को दोनों त्योहार शांति पूर्वक संपन्न कराना एक बडी चुनौती से कम नहीं है। क्योंकि ईद के दिन जुमा की नमाज भी पढी जाती है और वहीं अक्षय तृतीया को सोने चांदी की खरीदारी बड़ी उत्सुकता के साथ महिलाएं दुकानों पर पहुंचकर करती हैं जिस समय लोग अपने भाई बंधुओं से मिलने उनके घरों पर जाते हैं, जिस कारण उस समय कोई विवाद उत्पन्न होने की संभावना नहीं है। लेकिन फिर भी कोई विवाद की स्थिति पैदा न हो उसके लिए पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई, जिसमें दोनों समुदाय के सामाजिक लोग उपस्थित रहें। जिन्होंने अपना अपना पक्ष रखते हुए दोनों त्योहार शांति पूर्वक संपन्न कराने का वचन भी दिया।

# नाबालिक लड़की को बनाया हवस का शिकार

### मुकदमा दर्ज कर गोला पुलिस सक्रियता के साथ शुरू की कार्यवाही

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के एक गांव में चौदह बर्षीय नाबालिक लड़की को गांव के ही कुछ शिरफिरो द्वारा हवश का शिकार बना दियागया। पीड़िता के बयान पर गोला पुलिस कानूनी कार्यवाही करते हुए डॉक्टरी परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है। प्राप्त बिबरण के अनुसार गोला थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 बर्षीय नाबालिक लड़की रविवार को घर से गायब हो गयी। परिजन लड़की की खोज करने लगे। लेकिन पता नही चल पाया। सोमवार की देर शाम गायब लड़की गांव के ही एक ब्यक्ति के मकान में मिली। वह अपने परिजनों से आप बीती घटना को बताई। परिजन पीड़ित नाबालिक लड़की को लेकर गोला थाने पर पहुचे। पीड़िता ने गोला थाने पर लिखित तहरीर घटना में सम्मलित लोगो को नामजद करते हुए दिया। जिस पर प्रभारी निरीक्षक गोला दिलीप कुमार पांडेय ने मामले को गम्भीरता के साथ लेते हुए तत्काल कानूनी कार्यवाही कर पीड़िता को जिला अस्पताल डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया।

## बालकों के मानसिक,शारीरिक एवं शैक्षणिक उन्नयन के लिए जिला प्रशासन मनोयोग से लगा है:सुशील कुमार सिंह

हरदोई। जनपद हरदोई के रद्धेपुरवा रोड, अवस्थित महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) जिसमें 10 वर्ष से 18 वर्ष के विधिा विरूद्ध कार्य करने वाले तीन जनपदों क्रमशः हरदोई, सीतापुर, लखीमपुरखीरी के किशोर आवासित है। इन बालकों को संस्था मे रखने के दौरान इनके मानसिक, शारीरिक एवं शैक्षणिक उन्नयन के लिए जिला प्रशासन मनोयोग से लगा है जिसका सफल परिणाम भी परिलक्षित होना आरंभ हो गया है। जाने–अनजाने अपराध की ओर उन्मुख हुए इन बच्चों को नियमबद्ध ढंग से शिक्षण–प्रशिक्षण देकर समाज की मुख्य धारा में लाने एवं एक जिम्मेदार नागरिक बनाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदया के नेतृत्व में जिला प्रशासन योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में आज खण्ड विकास अधिकारी सुरसा एवं ग्राम पंचायत हरदोई देहात द्वारा बनवाये गये नवनिर्मित शौचालय एवं पुस्तकालय का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी के कर कमलों द्वारा किया गया। गृह में आवासित संवासियों के लिए पूर्व में ही संस्था परिसर में जिम की व्यवस्था करायी गयी है मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संस्था में वर्तमान में आवासित सभी 103 बच्चों की मैपिंग कर उनकी दक्षता के अनुसार कक्षाओ में वर्गीकरण किया गया है तथा उन्हे बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों द्वारा डायरी बनाकर पाठ योजना के अनुसार शिक्षा दी जा रही है। बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के अंत में विज्ञान कार्यशाला भी कराये जाने की योजना है। व्यवसायिक शिक्षण के लिए आई0टी0आई0 के दो प्राध्यापकों द्वारा सिलाई एवं विद्युतकरण ट्रेंड की शिक्षा दी जा रही है। भविष्य मे अच्छे ट्रेडों तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षण आदि के लिए उ0प्र0 कौशल विकास मिशन से पत्राचार किया जा रहा है। बच्चों से मिलाई करने हेतु आने वाले अभिभावकों एवं पैरवीकारों के बैठने हेतु गृह के बाहर खाली पड़े स्थान पर टीनशेड निर्माण हेतु सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत को निर्देशित किया गया। उद्घाटन के समय जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह, अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) राकेश सक्सेना, एस0आर0जी0 अभय सिंह, सहायक अध्यापक रवि कुमार, सहायक अध्यापक आयुष्मान द्विवेदी, सहायक अध्यापक बेसिक शिक्षा विभाग सुमित तिवारी, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड सुरसा शिवओम त्रिपाठी, पंचायत सहायक कु0 कृषिका तिवारी, प्रधान ग्राम पंचायत हरदोई देहात श्यामू सिंह, सुशील कुमार पाण्डेय ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।

## जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत सफल बनाने के लिए न्यायिक अधिकारियों को दिए निर्देश

हरदोई।जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तथा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत संजीव कुमार सिंह की उपस्थिति में अधिक से वादों का निस्तारण कराए जाने हेतु न्यायालय परिसर के दस कक्षीय भवन में बैठक सम्पन्न हुई। जनपद न्यायाधीश ने बैठक में कहा कि 14 मई 2022 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते योग्य आपराधिक मामले, धारा–138 पराकम्य लिखित अधिनियम, वसूली, मोटर दुर्घटना मामले, वैवाहिक मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, विद्युत एवं जल बिल (अश्मनीय वादों को छोड़कर) सिविल वाद एवं राजस्व वाद आदि निस्तारण योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुलह–समझौता के आधार पर कराएं जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रीती श्रीवास्तव,श्री रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, ,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट न.–14 पाक्सो सुश्री निरूपमा विक्रम,आशा रानी सिंह,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट न.–15 पाक्सो दीपक यादव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट न.–11 एन डी पी एस अबुल कैश,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट न.–16 अनिल कुमार–6,अपर प्रधान न्यायाधीश प्रथम, श्रीमती संगीता कुमारी,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ. टी. सी. (महिला) हेमेंद्र कुमार सिंह,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ. टी. सी. सुधाकर दुबे,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार गोंड,प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सिंह–६, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–प्रथम शीलबंत, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंशु माली पाण्डेय, श्रीमती रश्मि चन्द्र, सिविल जज सी. डि.एफ. टी. सी. राम गोपाल यादव, अंकुर चित्रांशी,न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री आकांक्षा बाजपेई, सिविल जज जू. डि. विनोद कुमार यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय रिचा शुक्ला,अपर सिविल जज जू. डि. अनुज सिन्हा,अंकिता सिंह, सिविल जज जू. डि. एफ. टी. सी. महिला श्रीमती वैशाली सिंह,तथा कु. श्वेता आदि मौजूद रहीं।

## विश्व विरासत दिवस के अवसर पर भाजपाइयों ने स्वच्छता कर्मियों को किया सम्मानित

हरदोई।भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से चलाए जा रहे सामाजिक न्याय पखवाड़ा के अंतर्गत विश्व विरासत दिवस के अवसर पर नगर के शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई कर्मचारियों को स्वच्छ भारत में उनके योगदान के लिए माल्यार्पण कर अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक विरासत को मनाने और बढ़ावा देने के लिए देश भर में शविरासत दिवसश मना रही है। देश में कई अद्भुत निर्माण विरासत हैं जो वक्त के साथ जर्जर होती जा रही हैं। इनके स्वर्णिम इतिहास और निर्माण को बचाने के लिए विश्व विरासत दिवस या विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। वैसे तो कई सारी विश्व धरोहरें हैं, जो दुनियाभर में प्रसिद्द हैं लेकिन अगर हम भारतीय विश्व धरोहरों की बात करें तो भारत में वर्तमान में 40 विश्व धरोहरे हैं। यूनेस्को ने भारत में कुल 40 विश्व धरोहरें घोषित की हैं। इनमें सात प्राकृतिक, 32 सांस्कृतिक और एक मिश्रित स्थल हैं। भारत में सबसे पहली बार एलोरा की गुफाओं (महाराष्ट्र) को विश्व विरासत स्थल घोषित किया था। वहीं अगर 39वीं और 40वीं विश्व विरासत की बात करें तो कालेश्वर मंदिर तेलंगाना में स्थित है। वहीं 40 वां विश्व धरोहर हड़प्पा सभ्यता का शहर धोलावीरा है।

भाजपा का सामाजिक न्याय पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज १८ अप्रैल को मंडल स्तर तक सभी नगर पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के स्वच्छता सैनिकों को भाजपा नेताओं ने सम्मानित किया।

नगर के शहीद उद्यान में पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह ने पदाधिकारियों के साथ मिलकर शहीद उद्यान की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त की। साथ ही नगर से सटे ग्रामीण इलाको में जाकर इज्जर घर के लाभार्थियों को इज्जतघर से मिलने वाले सकारात्मक परिणामों पर परिचर्चा की। उन्हे शौचालय के असंख्य फायदे गिनवाए। ग्रामीणों की जिंदगी में आए बदलाव के संस्मरणों को संकलित किया। जिला महामंत्री अजीत सिंह ने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि विश्व धरोहरों को सहेज के रखना आज की पीढ़ी की जिम्मेदारी है। जनपद की भूली बिसरी इमारते हमारे बीते हुए कल की साक्षी है। इन धरोहरों की साफ सफाई और इनको सहेजने में सबसे बड़ा योगदान स्वच्छता सैनिकों का है। स्वछता सैनिकों को सम्मानित करके हम सब गौरांवित महसूस कर रहे हैं। जिला महामंत्री ने कहा कि भाजपा हर उस शख्स का सम्मान करती है जिसने देश निर्माण में अपना खून पसीना बहाया है।

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने श्रवण देवी मंदिर परिसर में, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने, जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित ने बाबा मंदिर परिसर में,विधायक प्रभाष कुमार सुरसा में, आशीष सिंह आशु ने सुनासी नाथ मंदिर, एमएलसी अशोक अग्रवाल कछौना , विधायक अलका अर्कवंशी ने संडीला नगर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता कार्मिकों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, पूर्व जिला अध्यक्ष रामबहादुर सिंह, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय, नगर महामंत्री आशीष शुक्ला, पंकज सिंह, नगर उपाध्यक्ष मुनि मिश्रा, प्रदुम्न सिंह,नेत्री परिशा तिवारी, शुभम लोहिया, सभासद अमित त्रिवेदी रानू, अंबुज शुक्ला सुधीर बनिया आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## जैविक खेती के लिए कृषकों को प्रेरित किया जाए:–अविनाश कुमार

हरदोई। विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के गवर्निंग बोर्ड की बैठक हुई। उन्होंने जनपद में एफपीओ को अधिक बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश कृषि विभाग को दिए जिससे किसानों की आय बढ़ सके। उन्होंने कहा कि जैविक खेती के लिए कृषकों को प्रेरित किया जाए। कृषि विभाग 2022–23 की कार्ययोजना के अनुसार अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कार्य करे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नियमानुसार क्षतिपूर्ति की जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में पात्र किसानों को लाभान्वित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर, जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार साहू, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली,पांच दिन पहले सुनार के साथ की थी लूट’

फिरोजाबाद। जनपद में तड़के पुलिस की बदमाश से मुठभेड़ हो गयी.इस दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल हुआ है जिसे गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है.इसी बदमाश ने 13 अप्रैल को एक सुनार को गोली मारने के बाद लूट लिया था एसपी सिटी मुकेश चंद्र मिश्रा ने मीडिया को बताया कि पुलिस को सूत्रों के जरिये जनकारी मिली कि एक बदमाश राजा का ताल की तरफ से महावीर नगर की तरफ आ रहा है.उत्तर थाना पुलिस ने एसओजी की टीम और रामगढ थाना पुलिस ने उत्तर थाना क्षेत्र में गांव बेंदी की पुलिया के बाद बदमाश को रोकने की कोशिश की तो बदमाश ने पीछे दिशा में बाइक को मोड़कर भागने की कोशिश की लेकिन वह फिसलकर गिर गया.इसके बाद उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी.बदमाश की फायरिंग के बाद पुलिस ने भी जबाबी फायरिंग की जिससे बदमाश के निचके हिस्से में गोली लगी.पुलिस ने जब बदमाश की तलाशी ली तो उससे कुछ जेवर,एक पल्सर बाइक और अवैध पिस्टल 32 बोर,कुछ चाबियां भी बरामद की.घायल बदमाश की पहचान अनुराग उर्फ अन्नू पुत्र देव प्रकाश निवासी महावीर नगर थाना दक्षिण के रूप में हुयी.एसपी सिटी ने बताया कि घायल बदमाश को गिरफ्तार करने के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.गिरफ्तार बदमाश पर लूट,हत्या के प्रयास के दर्जनभर केस दर्ज है.उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को उत्तर थाना क्षेत्र में कोटला चुंगी के निकट महेश वर्मा नामक एक सुनार के साथ लूट और उसे गोली मारकर घायल करने की घटना हुयी थी.इस वारदात को भी इसी बदमाश ने अंजाम दिया था.

## स्टूडेंट्स को आग बुझाने के तरीके बताए गए’

फिरोजाबाद। अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत आम जनमानस को आग बुझाने के लिए और उससे बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अग्नि समन सुरक्षा सम्बन्धी अभियान के तहत जनपद के ज्ञान देवी सीनियर सैकैण्ड्री स्कूल व रितु होटल एंड रेस्टोरेंट में फायर ब्रिगेड टीम द्वारा छात्र, छात्राओं को बडी बारिकी से आग सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी देकर जागरूक किया गया .जनपद में यह अभियान लगातार जारी है .वीडियो के माध्यम से बताया भी गया है कि अगर सिलेण्डर में आग लग जाती है तो घबराएं नहीं कैसे इसे बुझाना है । साथ ही अभियान के दौरान पुलिस टीम को ब्रीदिंग ऑपरेट्स का प्रयोग एवं पहनना बताया गया

## भूमि विवाद में मारपीट , वृद्ध की मौत

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के गंगौली गांव में . सुबह जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट के में वृद्ध की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते हीं क्षेत्राधिकारी शाहगंज तथा थानाध्यक्ष मय फोर्स मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में लेने के साथ हीं आरोपी दो लोगों को हिरासत में ले लिया। उक्त गांव निवासी रामदयाल वर्मा व रामचंद्र वर्मा के बीच काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा था ,इस बीच . सुबह सरसौटा जलाने को लेकर दोनो पक्षो में कहासुनी हो गई ।विवाद की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस दोनों पक्षों को शांत कराते हुए थाने पर आने के लिए कहकर वापस लौट गई ।कथित रूप से पुलिस टीम की वापसी के बाद एक पक्ष से लगभग आधे दर्जन लोग दूस ने लाठी–डंडे ईट पत्थर से दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिए,जिसमें रामदयाल बर्मा (70) की मौके पर हीं मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी शाहगंज व थानाध्यक्ष भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए ।परिजनों परिजनों को सान्त्वना देने के साथ हीं शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करने के उपरांत अन्त्यपरीक्षण हेतु भेज दिया ।घटना के सम्बन्ध में पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने के साथ हीं कार्रवाई कर रही है ।वृद्ध की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है ।मृतक की पत्नी कैलाशी देवी व दो बेटों का रो रोकर बुरा हाल है।

## तीन दिन बाद दर्ज नहीं किया एफआईआर

जौनपुर। मीरगंज में थाना क्षेत्र के मीरगंज तिराहे से 15 अप्रैल को रात में मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। पीड़ित पिछले 3 दिनों से एफआइआर दर्ज कराने के लिए थाने का चक्कर लगा रहा, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही है। बरियारपुर गांव निवासी महेंद्र कुमार मिश्र मोटरसाइकिल से मीरगंज चौराहे पर 15 अप्रैल को बाजार करने के लिए गए थे, जहां सामान लेते समय मौका पाकर उचक्कों ने मोटरसाइकिल गायब कर दी। लगभग 10 बजे रात को पीड़ित ने मीरगंज थाने पहुंचकर मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना दी। थाना प्रभारी ने सुबह आने को कह कर पीड़ित को वापस भेज दियां पीड़ित का आरोप है कि सुबह जब फिर थाने पहुंचा तो थाना प्रभारी ने कल आने की बात कह कर टाल दिया। तीसरे दिन जब पीड़ित थाने पहुंचा तो यह कहा गया कि गाड़ी को लाक क्यों नहीं किया था। एफआईआर नहीं लिखी जाएगी। मीरगंज थाना प्रभारी सुरेश सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जिस जगह पर मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना पीड़ित दे रहा है। वहां पहुंचकर छानबीन की गई है। वहां मोटरसाइकिल चोरी होने की बात किसी ने नहीं बताई। इसीलिए अभी तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई है। मामले को संज्ञान में लेकर छानबीन की जा रही है।

## उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाये:जिलाधिकारी

हरदोई।आज विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई। बैठक में उद्यमी समस्याओं के ससमय निस्तारण के संबंध में चर्चा की गयी। इसके साथ ही निवेश मित्र पोर्टल द्वारा प्राप्त पत्रों व आवेदन पत्रों के विभागवार समय से निस्तारण के संबंध में चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने विभागों को निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाये। समय सीमा का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाये। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को निर्देश दिए कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का निस्तारण तेजी से किया जाए। क्लियरेंस में कोई देरी न की जाये। औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण में तेजी लायी जाए। 21 अप्रैल को लगने वाले अप्रेंटिस मेले में अधिक से अधिक इकाइयों को शामिल किया जाए। जिलाधिकारी ने औद्योगिक प्रतिनिधियों से कहा कि अधिक से अधिक रोजगार सृजन पर जोर दिया जाए। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निर्माण अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत की बैठक में अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जतायी। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग संजय कुमार ने किया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग ए०के० दिवाकर, जिला कृषि अधिकारी उमेश साहू, जिला सेवायोजन अधिकारी अचला पाण्डे व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चिलचिलाती गर्मी के बीच बढ गई बिजली की खपत, उपभोक्ता गर्मी से बेहाल

उन्नाव। गर्मी शुरू होने के बाद अब बिजली की खपत भी बढ़ने लगी है। गर्मी में इस समय अधिकतम तापमान भी करीब 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में इस मौसम में बिजली की मांग बढ़ गई है। फरवरी के शुरुवाती माह में 84 मिलियन यूनिट बिजली की खपत पूरे जिले में हुई थी। यह मार्च के महीने के शुरुआती दिनों में ही बढ़कर 90 मिलियन तक पहुंच गई। गर्मी के कारण बिजली की खपत जिले भर के पांचों डिवीजन में करीबन 24 मिलियन यूनिट इस वक्त बढ़ गई है। इसके साथ ही पावर हाउस पर भी लोड बढ़ रहा है। जिस कारण लाइन लोस की शिकायतें मिलना आमबात हो गई है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई परेशानी न हो। इसलिए मेंटेनेंस का कार्य भी शुरू करवा दिया गया है। इसमें सबसे अधिक खपत शहर में होती है, जिले के सभी फीडरों के माध्यम से बिजली की सप्लाई दी जा रही है। गर्मी के मौसम में लाइन लोस बढ़ने की अधिक संभावना रहती है। इसके साथ ही मरम्मत का कार्य लगातार जारी रखना पड़ता है। जिस कारण कट लगाए जाते हैं। अब खपत भी लगातार बढ़ रही है। लोगों से अपील है कि वे जरूरत अनुसार की बिजली खर्च करें।

गर्मी बढते ही बढने लगी मांग, विभाग की व्यवस्थाएं नाकाफी

बिजली विभाग के अभियंता भी मानते हैं कि ज्यादा गर्मी में पॉवर नेटवर्क प्रभावित होने लगता है, लेकिन वह इस बात से सहमत नहीं हैं कि लाइनें ओवरलोड हो रही हैं। उनका कहना है कि सर्दियों में करंट का लगातार प्रवाह होने पर भी लाइनें ठंडी बनी रहती हैं, लेकिन गर्मियों में धूप की तपन के कारण पहले से गर्म लाइनें करंट प्रवाहित होने से ज्यादा गर्म हो जाती हैं और इसीलिए छिटपुट खराबियां बढ़ जाती हैं। अभियंताओं के अनुसार अभी तो गर्मियों की शुरुआत है। आने वाले दिनों में बिजली की मांग सामान्य से 50 फीसदी ज्यादा होने पर बिजली खपत बढ़कर 120 मिलियन यूनिट तक होने का अनुमान है, लेकिन ऐसी स्थिति में भी पावर नेटवर्क सुचारू रखने का प्रयास रहेगा।

कुछ डिवीजन में बिजली की खपत अधिक होना भी सिरदर्द

गर्मी में बिजली खपत रोजाना बढ़ रही। मार्च के शुरुवाती माह के बाद आखिरी 22 मार्च तक खपत दोगुनी होती चली गई। सबसे ज्यादा बिजली खपत शहर उपकेंद्र से जुड़े सब स्टेशनों पर हो रही है। कब्बाखेड़ा सब स्टेशन पर इस वक्त 4 से 6 मिलियन तक बिजली खपत हो रही। इसी तरह सभी सब स्टेशनों का हाल है। उसके बाद गोकुल बाबा उपकेंद्र में 28 मिलियन यूनिट बिजली मार्च माह के आखिरी दिनों तक खपत हुई हैं। शहर घरेलू, व्यावसायिक क्षेत्र के साथ औधोगिक क्षेत्रो में इन दिनों खपत दोगुनी हो गई है। जिले भर के समस्त उपकेंद्र में 22 मार्च तक दर्ज आंकड़ो के मुताबिक 108.832 मिलियन तक बत्ती खपत जारी रही।

## टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार और सेनेटरी पैड बांटा

जौनपुर। सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा ष्क्षय रोग मुक्त उत्तर प्रदेशष् विशेष अभियान के तहत गोद लिए गए टी बी मरीजों को पौष्टिक आहार के किट में मूंगफली, भुना चना, गुड़, सत्तू, गजक, कमप्लान आदि के साथ–साथ परिवार की महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने सभी मरीजों को उपचार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि क्षय रोग मुक्त उत्तर प्रदेश तभी बन सकता है, जब आप अपने सेहत का ध्यान रखते हुए चिकित्सकों द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का सदैव पालन करेंगी। सुजाता जायसवाल व सरला माहेश्वरी ने रोगियों को बिना सुरक्षा चक्र तोड़े लगातार प्रतिदिन दवा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रियंका पांडेय व रजनी साहू ने क्षय रोगियों तथा उपस्थित परिजनों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। सह सचिव सखी अर्चना सिंह ने कहा कि अच्छी स्वास्थ्य परंपराओं का पालन करके टी बी जैसी घातक बीमारी से बचा जा सकता है तथा उपस्थित सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ‘कुम्हारी, माटीकलां के कारीगरों को मिलेगा इलैक्ट्रोनिक चाक’

फिरोजाबाद। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी नीतू यादव ने बताया है, कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, द्वारा माटीकलां बोर्ड का गठन किया गया है, एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 में शासन द्वारा जनपदों का लक्ष्य आवंटन किये गये है, इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को हो रहे नुकसान के परिपेक्ष्य में प्लास्टिक निर्मित वर्तनो का उपयोग प्रतिवंधित कर दिया गया है, इसके विकल्प के रूप में मिट्टी से निर्मित पात्रों का उपयोग व कुम्हारी कलां को बढावा देने के लिए माटीकलां से सम्बन्धित परम्परागत कारीगरों को वर्तमान में प्रशिक्षित कराते हुए, माटीकलां के उत्पादों को विपणन सुविधा उपलब्ध कराना है, जिसके लिए विभाग द्वारा माटीकलां के कारीगरों को निशुल्क टूल–किट्स का वितरण किया जायेगा, इसके लिए ऑफलाइन आवेदन पत्र कार्यालय में प्राप्त किया जा सकता है। आवेदक ग्रामीण क्षेत्र का निवासी व माटीकलां का परम्परागत करीगर एवं वर्तमान में कार्य कर रहे हो। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में आकर सम्पर्क करें।

हिन्दी दैनिक

बुद्ध का संदेश

समाचार पत्र

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458

संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

8795951917, 9453824459

ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com

E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com



# घर के लिए फर्नीचर खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान

घर को खास बनाने में फर्नीचर सबसे अहम भूमिका निभाता है, इसलिए हमेशा सोच–समझकर और अपनी जरूरतों को ध्यान में रखकर ही फर्नीचर खरीदना चाहिए। खासकर, अगर आप ऑनलाइन फर्नीचर खरीदने वाले हैं तो आपको फर्नीचर कैसा और किस साइज का होना चाहिए समेत ऐसी कई बातें हैं, जिन पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। आइए आज फर्नीचर उद्योग के विशेषज्ञों से जानते हैं कि फर्नीचर खरीदते किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

अममून वेबसाइट पर दिखाई जाने वाली तस्वीरों में यह पता लगाना मुश्किल है कि फर्नीचर में कोई खराबी तो नहीं। दरअसल, इन दिनों कुछ ऑनलाइन फर्नीचर में कुछ न कुछ खराबी सामने आ रही है। ऐसे में जरूरी है कि आप जो फर्नीचर खरीदने का मन बना रहे हैं उससे जुड़े रिव्यू पर जरूर ध्यान दें क्योंकि इस तरह आप ब्लैक मार्केटिंग से खुद को काफी हद तक बचा सकते हैं।

अपनी जरूरतें समझें: अगर आप ऑनलाइन फर्नीचर खरीदने वाले है तो उसे खरीदने से पहले अपनी सभी जरूरतों को अच्छे से समझ लें। जैसे आपको किस तरह का फर्नीचर खरीदना है, या फर्नीचर किस डिजाइन का होना चाहिए, और फर्नीचर का साइज और शेप कैसी होनी चाहिए? आदि बातों को ध्यान में रखकर ही ऑनलाइन फर्नीचर खरीदें। दरअसल, आजकल ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट पर फर्नीचर में कई तरह के विकल्प मौजूद हैं, इसलिए बेहतर होगा आप अपनी जरूरतों का ध्यान रखकर ही फर्नीचर खरीदें।


गुणवत्ता का भी रखें ध्यानः विशेषज्ञों की मानें तो हमेशा फर्नीचर खरीदते समय सिर्फ इसकी सुंदरता पर ध्यान न दें बल्कि इसकी गुणवत्ता को भी महत्व दें। ऑनलाइन ग्राहक के तौर पर आपके लिए यह जानना जरूरी है कि अगर अगले कुछ दिनों में ही फर्नीचर के साथ कोई समस्या आ जाए तो उसे ठीक करवाने के लिए आप क्या सकते हैं या फिर उसकी एक्सचेंज पॉलिसी क्या है आदि। वहीं, शिफ्टिंग चार्ज, डिलीवरी टाइम इन चीजों को भी जरूर देखें।

# हंसिका ने वेब सीरीज माई 3 की शूटिंग पूरी की

हंसिका मोटवानी ने अपनी पहली वेब सीरीज माई 3 के लिए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। शूटिंग के आखिरी दिन अपनी यूनिट में सभी को मिठाई बांटने वाली अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम



पर श्रृंखला पर काम करने के बारे में एक पोस्ट लिखी। उन्होंने लिखा, माई 3 में मेरे किरदार का रैप–अप हुआ। ये यात्रा यादगार थी। इतनी शानदार प्रतिभाशाली टीम को पाकर भावनात्मक रूप से खुशी हुई, जिसने मुझे हर पल सेट पर एक राजकुमारी की तरह महसूस कराया। ओरु कल ओरु कन्नड़ के बाद निर्देशक राजेश सर के साथ फिर से काम करने का मौका मिला। वह बहुत उदार हैं, उन्होंने मुझे अपने दोनों पात्रों के साथ स्वतंत्रता दी। मैं वास्तव में उनके साथ फिर से काम करने का अवसर पाकर बहुत खुश हूं। पूरी कास्ट और क्रू कमाल का रहा है। मुगेन एक अद्भुत अभिनेता हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। शांतनु, जननी, शक्ति, अभिषेक और अन्य लोग सेट पर मिलनसार रहे हैं। उनके साथ काम करना एक प्यारा अनुभव था। मेरी माँ को ढेर सारा प्यार, मुझे वह काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जो मुझे हमेशा पसंद है। मैं अपनी टीम और माई 3 पर मेरी यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए सभी को धन्यवाद देती हूं। एम राजेश द्वारा निर्देशित वेब सीरीज एक अनूठी रोबोट प्रेम कहानी है और इसे डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जाना है। कार्तिक मुथुकुमार इस सीरीज के सिनेमैटोग्राफर हैं, जिसमें गणेशन का संगीत और आशीष का संपादन होगा।




# उर्वशी रौतेला की दिल है ग्रे का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट



आगामी फिल्म दिल है ग्रे के निर्माताओं ने अभिनेता विनीत कुमार सिंह, अक्षय ओबेरॉय और उर्वशी रौतेला के कैरेक्टर पोस्टर जारी किए हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए, विनीत कहते हैं कि फिल्म का आधार काफी दिलचस्प है और मैं फर्स्ट लुक वाले पोस्टरों को मिलने वाली प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा हूं। यह कुछ ऐसा है जो मैंने पहले नहीं किया है, वास्तव में यह मेरे लिए एक रोमांचक प्रोजेक्ट है, मुझे सूसी और रमेश सर के साथ काम करने का मौका मिला है। फिल्म विनीत द्वारा निभाए गए एक ईमानदार पुलिस अधिकारी की कहानी बताती है, जिसे राजनीतिक और आर्थिक रूप से शक्तिशाली लोगों के कॉल टेप करने के लिए कहा जाता है। और इसके बाद कई रहस्यों का खुलासा होता है।

अक्षय आगे कहते हैं कि जब मैंने पहली बार रोल के बारे में सुना, तो मुझे हां कहने में सोचने की जरूरत नहीं पड़ी। फिल्म में मेरा कैरेक्टर निश्चित रूप से मुझे एक अभिनेता के रूप में स्थापित करेगा, और इससे बेहतर कुछ हो नहीं सकता। एम. रमेश रेड्डी द्वारा निर्मित, सूरज प्रोडक्शन की इस फिल्म को सूसी गणेशन, एसोसिएट प्रॉसर मंजरी सुसिगनेशन, 4वी एंटरटेनमेंट द्वारा निर्देशित किया गया है। उर्वशी ने साझा किया कि फिल्म की कहानी पर मेरा ध्यान था और मुझे लगता है कि लोगों को फिल्म का आनंद मिलेगा। फिल्म का विषय काफी दिलचस्प है, यह निश्चित रूप से मुझे पहले से ही उत्साहित करने में कामयाब रही है और मुझे उम्मीद है कि पोस्टर सभी के उत्साह को और बढ़ा देंगे। फिल्म जुलाई में पर्दे पर दस्तक देने वाली है।

# केजीएफ के निर्देशक ने फ्रेंचाइजी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का श्रेय यश को दिया



निर्देशक प्रशांत नील ने केजीएफ फ्रेंचाइजी को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए सुपरस्टार यश की तारीफ की है। उनका कहना है कि यश एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जिसके पास फिल्म की सफलता को देखने की दृष्टि है, वह ऐसे अभिनेता हैं, जिन्होंने रॉकी के अपने किरदार के कारण फैंडिक्स प्राप्त किया है।

निर्देशक प्रशांत नील ने उल्लेख किया कि केजीएफ ने आठ साल की लंबी यात्रा थी, जिसने उन्हें आत्मविश्वास दिया और इस कारण उन्हें फिल्म को दूसरे स्तर पर ले जाने में मदद मिली। फिल्म निर्माता ने यह भी कहा, जब हमने शुरुआत की तो हमने कभी नहीं सोचा था कि हम आज जहां हैं, वहां होंगे। यश को श्रेय देते हुए नील ने अपना आभार व्यक्त किया और कहा, यह दृष्टि रखने वाले एकमात्र व्यक्ति यश थे। हमने इसे एक छोटे कन्नड़ प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया था और आज फिल्म वास्तव में बड़ी है और उम्मीदें बहुत अधिक हैं।

वह यश को एक बड़ी कन्नड़ मूल की फिल्म को दो भागों में बनाने और इसे दुनिया के सामने ले जाने का श्रेय भी देते हैं। यश ने अपने संवाद भी लिखे, क्योंकि वह रॉकी में विश्वास करते थे और उनके माध्यम से देख सकते थे।



# टमाटर को इन तरीकों से करें स्टोर, लंबे समय तक रहेंगे ठीक

ऐसी कई स्वास्थ्यवर्धक सब्जियां हैं, जो किसी भी मौसम में बाजार में आसानी से मिल जाती हैं, जिनमें टमाटर भी शामिल है। अममून लोग सलाद से लेकर सब्जियां बनाने तक में टमाटर का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं, इसलिए इसे घर में स्टोर करना सही समझते हैं। हालांकि, अगर इन्हें ठीक से स्टोर न किया जाए तो इनके खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए आज हम आपको टमाटर को स्टोर करने के तरीके बताने जा रहे हैं।

कमरे के तापमान पर करें स्टोरः जब भी आप बाजार से टमाटर खरीदकर लाएं तो उन्हें हमेशा कमरे के तापमान पर स्टोर करें। इसी के साथ ध्यान रखें कि इस पर सीधी धूप न पड़े। इस तरीके से टमाटर कम से कम छह दिन तक ठीक रहेंगे। हालांकि, अगर आप कटे हुए टमाटर को स्टोर करना चाहते हैं तो आप सबसे पहले इसका छिलका निकालें, फिर इसे किसी एयरटाइट डिब्बे में डालकर फ्रिज में रखें।

अन्य सब्जियों के साथ न रखें: आमतौर पर लोग टमाटर को अन्य सब्जियों के साथ ही स्टोर कर देते हैं, लेकिन ऐसा करना गलत है। दरअसल, कई सब्जियों में एथिलीन नामक केमिकल मौजूद होता है, जिससे टमाटर जल्दी खराब हो सकते हैं। वहीं, कई सब्जियों में साइट्रिक एसिड होता है, जो टमाटर के साथ–साथ अन्य सब्जियों को भी खराब कर सकता है, इसलिए बेहतर होगा कि आप टमाटर को सभी सब्जियों से अलग ही स्टोर करें।

भूल से भी फ्रिज में न करें स्टोरः अगर आप टमाटर को फ्रिज में स्टोर करके रखना सही समझते हैं तो आपको बता दें कि ऐसा करने से टमाटर जल्द ही खराब हो सकते हैं। दरअसल, जब फ्रिज में रखे सामान की महक टमाटर पर पड़ती है तो इससे वे खराब होने लगते हैं। वहीं, टमाटर की तासीर भी ठंडी होती है और ऐसे में इसे ठंडी जगह पर रखने से इस पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिस वजह से इसके खराब होने की संभावना बढ़ जाती है।

पेपर टॉवल में लपेटकर रखें

टमाटर को लंबे समय तक फ्रेश रखने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप इसे खरीदते समय थोड़ी स्मार्टनेस दिखाएं और ऐसे टमाटर खरीदें, जो एकदम सूखे और हल्के छिल्के वाले हों। इस तरह के टमाटर खरीदने के बाद जब आप घर आए तो उन्हें तुरंत पेपर टॉवल से लपेट दें और स्टोर करें। अगर आपके पास पेपर टॉवल न हो तो आप टमाटर को पेपर बैग में भी स्टोर कर सकते हैं।